दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित


RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

वर्ष : 12 | अंक : 154 | लखनऊ, 27 मई, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए



कॉकटेल-2 का गाना तुझको रिलीज...



चांद मेरा दिल में भरतनाट्यम पर छिड़ी बहस

## खबर संक्षेप

### राज्यसभा चुनावः जेएमएम का आयोग को पत्र

रांची। झारखंड में 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच सत्तारूढ़ झामुमो ने चुनाव आयोग को एक लेटर लिखा है। इसमें भाजपा पर धनबल और अनैतिक दबाव बनाने की आशंका जताई है। जेएमएम का दावा है कि उनके गठबंधन के पास 56 विधायकों का स्पष्ट बहुमत है जिससे उनकी जीत तय है।

### लखीमपुर खीरी के कारीब रेडी गांव में लगी आग

लखीमपुर खीरी। यहां मितौली तहसील क्षेत्र के कारीबरेडी गांव में सोमवार रात भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में करीब 50 घर जल गए, जिससे ग्रामीणों को लाखों का नुकसान हुआ है।

# योगी सरकार की नीति से बदलेगा टूरिज्म का स्वरूप, यूपी में होटल नहीं, 'होमस्टे' बन रहे पर्यटकों की पहली पसंद

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,



ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा, स्थानीय रोजगार सृजन

उत्तर प्रदेश में अयोध्या के भव्य राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प और मथुरा-वृंदावन में रिकॉर्ड संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के कारण किफायती आवास की मांग तेजी से बढ़ी है। पर्यटकों की इस जरूरत को पूरा करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति' गेमचेंजर साबित हो रही है। इस योजना के तहत अब तक पूरे प्रदेश से 3,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से करीब 900 होमस्टे और फार्मस्टे सफलतापूर्व पंजीकृत होकर संचालित हो रहे हैं। वर्ष 2026 की शुरुआत से इन आवेदनों में आई भारी तेजी यह दर्शाती है कि आम जनता अब पर्यटन को स्वरोजगार के एक बड़े माध्यम के रूप में देख रही है।

### पलायन पर लगेगी रोक

यह नीति छोटे जिलों और ग्रामीण इलाकों से बड़े शहरों की ओर होने वाले पलायन को रोकने में मददगार साबित हो रही है। इस मॉडल के तहत स्थानीय परिवार अपने खाली कमरों को आय के अतिरिक्त और सुरक्षित साधन में बदल रहे हैं। यह व्यवस्था विशेष रूप से रिटायर्ड कर्मचारियों, बुजुर्ग दंपतियों और महिलाओं द्वारा संचालित परिवारों के लिए घर बैठे सम्मानजनक कमाई का जरिया बन गई है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सरकार के विजन को साझा करते हुए कहा कि पर्यटन का असली लाभ तब है जब वह सीधे गांवों और स्थानीय परिवारों तक पहुंचे। होमस्टे मॉडल से खाली पड़े घर आय के साधन बन रहे हैं। हमारी कोशिश है कि पर्यटन का आर्थिक लाभ केवल बड़े होटलों तक सीमित न रहकर घर-घर तक पहुंचे। पर्यटन विभाग के विश्लेषण के अनुसार, वाराणसी, मथुरा, आगरा, अयोध्या, प्रयागराज और लखनऊ जैसे प्रमुख धार्मिक व ऐतिहासिक शहर 'शहरी होमस्टे' श्रेणी में सबसे आगे चल रहे हैं। वहीं, 'ग्रामीण होमस्टे मॉडल' में सबसे अप्रत्याशित और सकारात्मक बदलाव बुंदेलखंड क्षेत्र में देखने को मिला है।

# हर गांव को बस सेवा से जोड़ने की तैयारीः सैनी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए निजी वाहनों के उपयोग में कमी लाना जरूरी है। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी बस सेवा पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की बढ़ती आबादी तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नया रूट प्लान तैयार किया जाए, ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक गांव और शहर बस सेवा से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा विजन-2047 के तहत परिवहन विभाग की आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना और रोडमैप की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के लगभग 6500 गांवों और शहरी क्षेत्रों में आबादी बढ़ी है, लेकिन उसके अनुरूप बस सेवाओं का विस्तार नहीं हो पाया। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में कोई भी गांव बस सेवा से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों का क्लस्टर बनाकर आपस में बसों से जोड़ा जाए।

### पूर्व बीजेडी सांसद देबाशीष भाजपा में शामिल



नई दिल्ली। ओडिशा के पूर्व राज्यसभा सांसद देबाशीष सामंतराय ने मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बीजद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने के बाद देबाशीष सामंतराय ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उनके कार्यक्रमों और व्यक्तित्व से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हो रहा हूं।

### मीरा रोड में बकरीद से पहले बवाल, दो गुट भिड़े



मुंबई। यहां के मीरा रोड इलाके में ईद उल अजहा से पहले उस समय तनाव फैल गया, जब एक हाउसिंग सोसायटी में कुर्बानी के लिए लाए गए बकरों को लेकर विवाद शुरू हो गया। पूनम क्लस्टर सोसायटी के कुछ लोगों ने परिसर के अंदर बकरों को रखने का विरोध किया। यह विवाद बढ़ गया और दो पक्षों के बीच झड़प की स्थिति बन गई।

### 'चक दे इंडिया' एक्टर दायमा का निधन



नई दिल्ली। मनोरंजन जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। 'चक दे इंडिया', 'स्कैम 1992' समेत कई फिल्मों, सीरीज और टीवी शोज में काम कर चुके दिग्गज कलाकार रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया है। एक्टर काफी महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। 69 साल उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली।

### कालाहांडी में दम घुटने से 6 की मौत



कालाहांडी। ओडिशा के कालाहांडी के मदनपुर रामपुर थाना इलाके के कार्लखुंटा गांव में निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में प्रवेश करने के बाद दम घुटने से 6 लोगों की मौत हो गई। यह घटना सेंटरिंग के दौरान घटी, जब एक मजदूर कथित तौर पर टैंक के अंदर गया और उसे बचाने 6 लोग टैंक के अंदर गए।

## सीबीएसई पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ियों की शिकायत

# आईआईटी मद्रास-कानपुर की टीम कर रही जांच, समस्या की सही वजह आएगी सामने

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने तकनीकी विशेषज्ञ भेजने का दिया था निर्देश

**मद्रास के निदेशक ने कहा-72 घंटे से पोर्टल स्थिर**





सीबीएसई भवन

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर की 4 सदस्यीय टीम ने सीबीएसई पोर्टल में आई हालिया तकनीकी गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी है। यह जांच पेमेंट फेल होने, पोर्टल क्रैश और आंसर शीट अपलोड से जुड़ी शिकायतों को लेकर की जा रही है। वी कामाकोटि ने बताया कि टीम ने सोमवार से काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि आखिर समस्या की असली वजह क्या थी।?करीब दो दिनों तक दिक्कत रही। यह तकनीकी खामी थी, डेवलपमेंट से जुड़ी समस्या थी या फिर साइबर अटैक जैसी कोई वजह थी। हम पूरी जांच करेंगे ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो। कामाकोटि ने बताया कि सीबीएसई का पोर्टल पिछले 72 घंटे से स्थिर है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आईआईटी मद्रास और आईआईटी कानपुर को तकनीकी विशेषज्ञ भेजने का निर्देश दिया था, ताकि सीबीएसई की री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के पूरी हो सके।

### पेमेंट सिस्टम या गेटवे में दिक्कत आई

कामकोटि ने कहा कि सीबीएसई द्वारा शुरू किया गया ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम पारदर्शिता बढ़ाने के लिए लाया गया है। इसके जरिए छात्र अपनी जांची गई उत्तर पुस्तिका देख सकते हैं और समझ सकते हैं कि उनके अंक कहां कटे। उन्होंने कहा कि सीबीएसई ने अच्छी पहल की है। यह सिस्टम ज्यादा पारदर्शिता लाता है।



4 सदस्यीय टीम पहुंची

### विस्तृत तकनीकी परीक्षण करेगी

जांच टीम अब वेबसाइट और पूरे सिस्टम का विस्तृत तकनीकी परीक्षण करेगी। इसमें यह भी देखा जाएगा कि फीस भुगतान के दौरान सीबीएसई पोर्टल और पेमेंट सिस्टम के बीच तालमेल में कहां समस्या आई। टीम में आईआईटी मद्रास के दो विशेषज्ञ शामिल हैं।

### नीट यूजी पर क्या बोले कामकोटि?


नीट यूजी को कंप्यूटर आधारित परीक्षा मोड में कराने पर कामाकोटि ने कहा कि सीबीएसई पोर्टल और सीबीटी परीक्षा अलग-अलग चीजें हैं।

### धुंधली उत्तर पुस्तिका वाली शिकायतों की हो रही जांच

आंसर शीट गलत अपलोड होने या धुंधली दिखाई देने की शिकायतों पर कामकोटि ने कहा कि टीम अभी उस स्तर की जांच तक नहीं पहुंची है। हालांकि स्कैनिंग और अपलोडिंग प्रक्रिया की भी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिजिकल आंसर शीट को डिजिटल फॉर्म में बदलने की प्रक्रिया में शुरुआती स्तर पर मैनुअल हस्तक्षेप होता है। ऐसे में मानवीय गलती की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। कामाकोटि ने ओएसएम सिस्टम का समर्थन करते हुए कहा कि इससे मूल्यांकन प्रक्रिया को समझने में मदद मिलती है।

## नीट विवाद और सीबीएसई मार्किंग सिस्टम पर हंगामा

### संसदीय पैनल ने मंत्रालयों और एनटीए को किया तलब



देश की दो सबसे बड़ी शिक्षा व्यवस्थाओं नीट-यूजी परीक्षा और सीबीएसई बोर्ड सवालों के घेरे में हैं। नीट -यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक और धांधली के आरोप लग रहे हैं, वहीं सीबीएसई की नई 'डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली' को लेकर छात्रों और अभिभावकों में गुस्सा है। इस बीच, संसद की समिति ने कड़ा रुख अपनाया है। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली 31-सदस्यीय संसदीय स्थायी समिति ने अगले हफ्ते शिक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी औरसीबीएसई के शीर्ष अधिकारियों को 1 और 2 जून को तलब किया है।

### क्या है पूरा मामला?

यह कदम छात्रों और अभिभावकों की उन शिकायतों के बाद उठाया गया है, जिनमें सीबीएसई के रिजल्ट के बाद सेवा पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ियों और नई डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली के तहत कम अंकों को लेकर चिंताएं हैं।

## सीजेआई के कमेंट पर नया विवाद

# पूर्व नौकरशाहों-एक्टिविस्टों ने लिखा पत्र, आलोचना भी की

'कथित पर्यावरणविदों और कार्यकर्ताओं' द्वारा विकास परियोजनाओं को रोकने की बात



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की एक और टिप्पणी पर विवाद मच गया है। पूर्व सिविल सेवकों, वकीलों, कानूनी और पर्यावरण कार्यकर्ताओं के समूहों ने खुली चिट्ठी लिखकर सीजेआई की उन टिप्पणियों की आलोचना की है, जिनमें उन्होंने 'कथित पर्यावरणविदों और कार्यकर्ताओं' द्वारा विकास परियोजनाओं को रोकने की कोशिशों के बारे में बात की थी। सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 11 मई को विकास परियोजनाओं को रोकने याचिकाएं दायर करने की प्रवृत्ति की निंदा करते हुए पूछा था ऐसी याचिकाएं दायर की जाती रहीं, तो देश कैसे प्रगति करेगा? हमें इस देश में एक भी ऐसी परियोजना दिखाएं, जहां इन तथाकथित पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने कहा हो कि हम इस परियोजना का स्वागत करते हैं। पीठ के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### गुजरात के पिपावाव बंदरगाह का मामला

याचिका में एनजीटी द्वारा गुजरात में पिपावाव बंदरगाह के विस्तार के लिए दी गई पर्यावरण मंजूरी के खिलाफ अपील को खारिज किए जाने को चुनौती दी गई थी। सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने इस याचिका पर याचिकाकर्ताओं को आंशिक राहत दी थी। पीठ ने कहा था, हालांकि हम इस बात से सहमत नहीं हैं कि एनजीटी ने बिना कोई कारण बताए अपील खारिज कर दी है, फिर भी हम अपीलकर्ता को एनडीटी के सामने पुनर्विचार याचिका दायर करने की आजादी देते हैं।

### हर चीज को अदालत में घसीट रहे

सीजेआई ने कहा था, हमें इस देश में एक भी ऐसी परियोजना दिखाओ, जिसके बारे में ये कथित पर्यावरणविद और कार्यकर्ता कहें कि हम इस परियोजना का स्वागत करते हैं। आप हर चीज़ को अदालत में घसीट लाते हैं। जिस तरह की याचिकाएं दायर की जा रही हैं, उनका मकसद सिर्फ विकास को रोकना है। आप लोग नहीं चाहते कि बंदरगाहों का विस्तार हो। फिर देश कैसे आगे बढ़ेगा? आप एनजीटी गए और दुर्भाग्य से इससे आपकी नीयत पर बहुत सारे सवाल खड़े होते हैं। आप किसी भी अधिकारी के पास जाकर यह नहीं बताते कि 'मैं एक विशेषज्ञ हूं, मुझे लगता है कि इसमें ये कमियां हैं'... अगर आप सचमुच विशेषज्ञ हैं तो। आप कोई आरटीआई कार्यकर्ता हैं, आप कोई फलां-फलां कार्यकर्ता हैं, पर्यावरणविद हैं, आपके पास बहुत सारी डिग्रियां हैं... जहां दांव लगे, वहीं...।

## मानसून के पहले ही देश को मिली खुशखबर

मुंबई और केरल में भी झमाझम बरसात होगी

# 4 जून तक पहुंचेगा केरल, दिल्ली- यूपी से बिहार-झारखंड तक बारिश का अलर्ट

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रचंड गर्मी के बीच देश में अब मानसून का इंतजार लोग बेसब्री से कर रहे हैं। हालांकि थोड़ी देरी हो सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने पहले अपने पूर्वानुमान में कहा था कि इस साल मानसून केरल में 26 मई को आएगा, लेकिन अब केरल में मानसून इस बार 2-4 जून के बीच आने की संभावना है, लेकिन अच्छी बात है कि मानसून के पहले ही मई के आखिरी हफ्ते में देश के ज्यादातर हिस्सों में हल्की से भारी बारिश की संभावना है।

### विभाग ने दी चेतावनी



विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को लेकर स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। ये 2-3 दिनों में साउथवेस्ट और दक्षिण पश्चिम अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के बाकी हिस्सों के बड़े इलाके को कवर करेगा। भारत के तटीय इलाके में मानसून 1 जून के आसपास पहुंचता है। विभाग इसी तारीख को केरल में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के टकराने की पारंपरिक तारीख मानता है।

**मानसून पूर्व गतिविधियां शुरू हो रहीं**

देश के कई हिस्सों में प्री मानसून बारिश की शुरू हो गई है। हिमालय में पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में बारिश की संभावना बनी है।

## सिलिगुड़ी साइबर पुलिस स्टेशन

### ममता पर दर्ज हो गई एफआईआर



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के खिलाफ सिलिगुड़ी साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। चुनाव से पहले और 2025 में हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बेनर्जी पर आरोप हैकि 2025 में कोलकाता में ईद के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था।

## कॉकरोच जनता पार्टी पर कब्जे की लड़ाई शुरू

हरियाणा के अधिवक्ता ने खुद को संयोजक बताया

# वकील ने चुनाव आयोग में दिया अलग से पंजीयन का आवेदन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,





हरियाणा के एक वकील नेकॉकरोच जनता पार्टी को अपने नाम से रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आवेदन किया है। पानीपत के वकील ने सोशल मीडिया हैंडल कॉकरोच जनता पार्टी को इसके संस्थापक अभिजीत दिपके से अलग अपने नाम से पंजीकृत कराने के लिए चुनाव आयोग में आवेदन किया है।खुद को पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बताने वाले वकील सुधीर जाखर ने आयोग के सचिव को आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में सीजेपी का कॉकरोच वाला लोगो और जाखर का वकील के रूप में पदनाम अंकित है।

### कांग्रेस ने शुरू किया 'इंडियन यूथ कॉकरोच' अभियान

'कॉकरोच जनता पार्टी' पर विवाद के बीच इंडियन यूथ कांग्रेस ने युवाओं से जुड़े पेपर लीक, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को पुरजोर उठाने के लिए 'इंडियन यूथ कॉकरोच' अभियान की शुरुआत की है। उसका कहना है कि उसके लोग असली 'कॉकरोच' हैं क्योंकि वे डिजिटल दुनिया में 'वर्चुअल क्रांति' के बजाय जमीन पर लड़ाई लड़ रहे हैं और इसके एवज में उन्हें जेल और मुकदमों का भी सामना करना पड़ा है। यूथ कांग्रेस ने कहा कि प्रभारी मनीष शर्मा और अध्यक्ष उदयभनु चिब की अगुवाई में शुरू हुआ यह अभियान युवाओं का एक सामूहिक प्रतिरोध है।

# डॉ राजेश्वर सिंह ने बड़े मंगल पर भक्ति, सेवा और जनआस्था के दो दर्जन से अधिक विराट आयोजनों में की गरिमामयी सहभागिता

## सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक डॉ राजेश्वर सिंह ने दो दर्जन से अधिक भक्तिमय एवं जनसेवा कार्यक्रमों में की सहभागिता

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल के पावन अवसर पर सुबह 10 बजे से लेकर शाम 10 बजे तक सरोजनी नगर समेत लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित सुंदरकांड पाठ, विशाल भंडारा एवं जनसेवा के दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर श्रद्धालुओं के मध्य सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता के भाव को सशक्त किया। दिनभर चले इन भक्तिमय आयोजनों में आस्था, भक्ति और लोकसेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सरोजनी नगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह टी पॉइंट, आशियाना चौराहा में सरिता सिंह, संजीव सिंह, मनीष शुक्ला और अशोक चौधरी द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में श्रेयस सिंह का जन्मदिवस भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इसके अतिरिक्त संत कबीरराम चौराहा, आलमबाग में सिंध यूथ क्लब सोसाइटी द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में रामेश्वर सिंह के साथ सहभागिता कर उन्होंने सेवा भावना और सामाजिक एकात्मता के भाव का अनुभव किया। इसी क्रम में दीपक ऑप्टिकल्स, आशियाना सेक्टर-के में राम अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, सोनिया अरोड़ा, अर्श अरोड़ा, सिम्मी अरोड़ा, प्रखर द्विवेदी और राजीव द्वारा आयोजित विशाल भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने श्रद्धालुओं के मध्य प्रसाद वितरण किया। वहीं पराग मार्ग स्थित शनि देव मंदिर परिसर में जग प्रसाद और प्रतिभा सिंह द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में भी सहभागिता कर भक्तों के बीच आत्मीय संवाद स्थापित किया। रॉयल फूड कॉर्नर द्वारा आशियाना खंड-के में आयोजित 15वें विशाल भंडारा एवं सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम, आशियाना निवासी संघ द्वारा चांसलर क्लब मुख्य द्वार पर आयोजित भंडारा, भारतीय बैंक रजनी खंड शारदा नगर में कमल नयन मिश्रा द्वारा आयोजित सेवा कार्यक्रम तथा ए.पी.एस. अकादमी अंतर महाविद्यालय, सेनानी विहार में शिव प्रकाश मिश्रा (सेनानी) एवं सिंधुजा मिश्रा द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे में भी विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने सहभागिता की। भक्तिमय वातावरण, सुंदरकांड की मंगलमयी स्वरधारा एवं प्रसाद सेवा की पावन परंपरा ने समस्त आयोजनों को



आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित कर दिया। लखनऊ की पूज्य जनता के अद्भुत हनुमत प्रेम के मध्य सरोजनी नगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह विनायक महादेव ट्रस्ट मंदिर, विनायक सिटी, बिजनौर मार्ग में सेवकराम कनौजिया द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे में भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने नवस्थापित ओपन जिम का लोकार्पण किया तथा उपस्थित वृद्ध माताओं को साड़ी भेंट कर उनका सम्मान किया। साथ ही क्षेत्र की जर्जर सड़क को पंद्रह दिनों के भीतर बनवाने का आश्वासन भी दिया। आयोजन के दौरान रीना त्रिपाठी, विवेक सिंह, ओ.पी. सिंह, वी.के. पटेल, राजीव पाल, पूरनराम, अंकित सक्सेना, गुड़िया यादव, पूजा पटेल, रूपमा पाल, रागिनी सिंह एवं दीप्ती सक्सेना सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इसी क्रम में विधायक डॉ राजेश्वर सिंह जी एस एम पब्लिक कॉलेज, गौरी नहर पुलिया, सरोजनीनगर में एस.पी. वर्मा एवं शिव नारायण पटेल (लक्ष्मण) द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे में सम्मिलित हुए। भक्तिमय वातावरण में सुंदरकांड पाठ का श्रवण करने के उपरांत उन्होंने डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु महाविद्यालय में पाँच कंप्यूटर उपलब्ध कराने, डिजिटल लैब स्थापित करने तथा एक स्मार्ट बोर्ड प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नीतीश चन्द्र वर्मा, राजेश सिंह चौहान, शेर बहादुर सिंह शेर, के.के. श्रीवास्तव, लवकुश रावत, पिंटू शुक्ला, पंकज सिंह, राजेश गुप्ता, साधना गुप्ता, पूजा सिंह, नेहा रावत, अभिषेक सिंह, वीरू सिंह, जितेंद्र कुमार जीतू, राजन गुप्ता, सौरभ सिंह, दिलीप द्विवेदी एवं शिवम शुक्ला सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने सुमित्रा डेवलपर्स, श्रीमते इन्फ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड, डॉ दिनेश यादव, बब्लू राजपूत, दिनेश पांडेय, विवेक उपाध्याय, अविनाश जैन, अजय गुप्ता पुन्नी और सौरभ सिंह बजरंगी सहित विभिन्न आयोजकों द्वारा आयोजित भंडारा एवं सुंदरकांड कार्यक्रमों में भी सहभागिता की। इस दौरान श्रद्धालुओं के मध्य प्रसाद वितरण एवं आत्मीय संवाद का क्रम निरंतर चलता रहा। 43 डिग्री सेल्सियस तापमान और प्रचंड गर्मी के बीच भी विधायक डॉ राजेश्वर सिंह सरोजनी नगर परिवार के बीच निरंतर जनसंपर्क और सामाजिक सहभागिता में सक्रिय रहे। इसी क्रम में उन्होंने अवध पब्लिक विद्यालय पहुँचकर प्रबंध निदेशक गोविन्द पांडे और प्रधानाचार्या रश्मी पटनायक से आत्मीय भेंट की तथा विद्यालय में प्रारंभ किए जा रहे विद्यालय विकास केंद्र हेतु चल रहे प्रयासों की सराहना की। कौशल आधारित शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में हो रहे प्रयासों को समाज निर्माण की महत्वपूर्ण आधारशिला बताया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में सतेंद्र कुमार कार्तिकेय मिश्रा, आशीष पटेल, अखिलेश त्रिपाठी, सुनील शर्मा, राजीव मिश्रा, अतुल टंडन, बलदेव रमानी, नानक चंद लखमानी, दर्पण लखमानी, सौरभ सिंह मोनू, लवकुश रावत, गोविन्द पांडे, राजेंद्र बाजपेयी, चंद्र भूषण पांडे, हिमांशु अंबेडकर, के.के. सिंह, अमरीश सिंह, मोती सिंह, अभिषेक तिवारी, राहुल मिश्रा, शिवम दुबे, अजय सिंह, अतुल सिंह, ओम प्रकाश यादव, शैलेंद्र पांडेय, अनुराग गुप्ता, संजय मिश्रा और रज्जन सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# उत्तर रेलवे ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा जागरूकता अभियान किया आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस अभियान-2026 के तहत उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा 15 मई 2026 से 5 जून 2026 तक पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मगंलवार को मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विशेष अभियान चलाए गए। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल स्त्रोतों की जांच की गई तथा परीक्षण के लिए जल नमूने एकत्र किए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित कर सभी को स्वच्छ एवं पीने योग्य जल उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में शाहगंज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रैली के माध्यम से यात्रियों एवं को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग कूड़ेदानों में डालने हेतु प्रेरित किया गया। लखनऊ स्टेशन पर भीषण गर्मी में निरंतर फील्ड में कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) से बचाव एवं शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का




संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से डफ्र (ओरल रीहाइड्रेशन साल्ट) का वितरण किया गया। अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों को हीट स्ट्रोक (लू) से सुरक्षित रखने हेतु सुरक्षात्मक उपायों को भी शामिल किया गया। धूप से बचाव के लिए सभी सफाई कर्मियों को चौड़ी पट्टी वाली टोपियों का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें हीट स्ट्रोक के प्रारंभिक लक्षणों जैसे अत्यधिक चक्कर आना, सिरदर्द, उल्टी जैसा महसूस होना एवं अत्यधिक कमजोरी आदि के बारे में जागरूक किया गया ताकि वे समय रहते अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार के जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज एवं यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# गोरखपुर की कंपनी को मिला 115 करोड़ का फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते औद्योगिक और निवेश परिदृश्य में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। गोरखपुर की कंपनी नॉर्दर्नएक्सप्रेस इंफ्राडेवलपर्स प्रा. लि. ने महेसरा ताल (चिलुआताल) में 20 मेगावाट क्षमता की फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट हासिल कर राज्य के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को नई गति दी है। यह ऐतिहासिक कदम उत्तर प्रदेश की हरित ऊर्जा क्षमता को मजबूत करने के साथ-साथ गोरखपुर को देश के औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित करेगा। गोरखपुर के चिलुआताल, जिसे महेसरा ताल के नाम से भी जाना जाता है, में प्रतिष्ठित फ्लोटिंग सोलर परियोजना हासिल की है। यह परियोजना भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से जारी की गई थी। देशभर की कुल 25 कंपनियों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें से 17 कंपनियां तकनीकी और वित्तीय रूप से योग्य घोषित हुईं। 25 मई 2026 को वित्तीय मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग 115 करोड़ मूल्य की यह परियोजना नॉर्दर्नएक्सप्रेस इंफ्राडेवलपर्स प्रा. लि. को प्रदान की गई।

# बड़े शहरों के साथ बुंदेलखंड, झांसी, बांदा बन रहे पर्यटन का हब

### बेड एंड ब्रेकफास्ट, होमस्टे नीति से यूपी में बदल रहा पर्यटन का स्वरूप, किफायती होमस्टे और फार्मस्टे के लिए आए 3 हजार आवेदन, 900 रजिस्टर्ड

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प, मथुरा-वृंदावन समेत अन्य जिलों में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड आमद से राज्य में सस्ते दरों पर ठहरने की अच्छी व्यवस्था की मांग बढ़ी है। इसे योगी सरकार की बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति से साकार किया जा रहा है। इसके जरिए पर्यटकों को महंगे होटलों की जगह कम दाम पर ठहरने की जगह का विकल्प मिल रहा है, साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी खुल रहे हैं।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025 में बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति लागू होने के बाद से यूपी में होमस्टे और फार्मस्टे तेजी से बढ़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक प्रदेशभर से 3000 से ज्यादा आवेदन मिल चुके



हैं, जबकि करीब 900 होमस्टे और फार्मस्टे रजिस्टर्ड हो चुके हैं।

वर्ष 2026 की शुरूआत से आवेदनों की संख्या में भी तेजी आई है, जो यह दिखाता है कि लोग अब पर्यटन से जुड़े कारोबार को लेकर ज्यादा भरोसा और रुचि दिखा रहे हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक वाराणसी, मथुरा, आगरा, अयोध्या, प्रयागराज और लखनऊ में होमस्टे और फार्मस्टे शहरी श्रेणी में आगे चल रहे हैं।

वहीं अधिकारियों के मुताबिक ग्रामीण होमस्टे मॉडल में सबसे ज्यादा तेजी अब बुंदेलखंड क्षेत्र में देखने को मिल रही है। बांदा, हमीरपुर, महोबा और झांसी जैसे जिले नए पर्यटन केंद्र बनकर उभर रहे हैं। इसके अलावा बाराबंकी, बहराइच, पीलीभीत और लखीमपुर भी तेजी से ग्रामीण पर्यटन स्थलों के रूप में पहचान बना रहे हैं। मथुरा-वृंदावन और आगरा के ग्रामीण इलाकों में भी होमस्टे और फार्मस्टे को लेकर यात्रियों और स्थानीय लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। पर्यटक और श्रद्धालु ठहरने की किफायती व्यवस्था मिलने के बाद ग्रामीण परिवेश की तरफ भी रुख कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह नीति छोटे जिलों में स्थानीय स्तर पर रोजगार और छोटे कारोबार को भी बढ़ावा दे रही है। कई परिवार अब अपने खाली कमरों को आय के साधन में बदल रहे हैं, जिससे उन्हें काम के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ रहा। यह मॉडल रिटायर्ड लोगों, बुजुर्ग दंपतियों, महिलाओं द्वारा संचालित परिवारों और खाली घरों वाले परिवारों के लिए अतिरिक्त कमाई का अच्छा जरिया बनता जा रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन की असली ताकत तब दिखती है, जब उसका लाभ सीधे गांवों और स्थानीय परिवारों तक पहुंचे।

होमस्टे और फार्मस्टे मॉडल न केवल पर्यटकों को उत्तर प्रदेश की वास्तविक संस्कृति, स्थानीय खान-पान, परंपराओं और ग्रामीण जीवन से जोड़ रहे हैं, बल्कि खाली घरों को आय के साधन में बदलकर गांवों में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी तैयार कर रहे हैं। इससे युवाओं में अपने ही जिले में पर्यटन आधारित कारोबार को लेकर रुचि बढ़ रही है।

# एपेक्स ट्रामा सेंटर में प्लास्टर में लापरवाही का आरोप, मरीज के पैर में पड़े छाले

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान स्थित एपेक्स ट्रामा सेंटर में प्लास्टर करने में लापरवाही का आरोप सामने आया है। सड़क हादसे में घायल अशोक वर्मा के परिजनों ने डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ पर सही इलाज न करने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार 6 तारीख की रात बछरावां क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद अशोक वर्मा को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां उनके फ्रैक्चर पैर में प्लास्टर किया गया। आरोप है कि प्लास्टर के बाद लगातार दर्द और सूजन की शिकायत के बावजूद डॉक्टरों ने ध्यान नहीं दिया। बाद में जब परिजन मरीज को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे और प्लास्टर खुलवाया गया तो पैर में छाले पड़ चुके



थे। इसके बाद परिवार ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। हालांकि मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है, लेकिन परिजनों ने नाइट स्टाफ की कार्यप्रणाली की जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क हादसे में घायल किराना व्यापारी की मौत, पांच घायल

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रसूलाबाद-चांदपुर गांव के बीच जिओ पेट्रोल पंप के निकट सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा घुसी और पेड़ से टकरा गई। हादसे में इलाज के दौरान किराना व्यापारी की मौत हो गई, जबकि पांच घायल है, जिसमें कार चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। हरदोई जनपद के बेनीगंज गिरधरपुर निवासी सच्चिदानंद अपने परिवार और परिचितों के साथ लखनऊ से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पार कर रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार कार काफी दूर तक घिसटती चली गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के



मृतक विपिन फाइल – फोटो

परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसे में सच्चिदानंद, उनकी पत्नी अनुराधा, बेटा अक्षत, बेटी अक्षरा, नई बस्ती बेनीगंज निवासी विपिन गुप्ता और महिपतमऊ निवासी चालक आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही रहीमाबाद पुलिस और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार का केबिन काटकर घायलों को बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान सोमवार देर रात विपिन गुप्ता (32) की मौत हो गई। मृतक के भाई राकेश गुप्ता ने बताया कि विपिन गांव में किराने की दुकान चलाते थे और दुकान का सामान लेकर घर लौट रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी रुचि गुप्ता, बेटा विराज और बेटी वृंदा का रो रो कर बुरा हाल है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। दोपहर में गमगीन माहौल में विपिन गुप्ता का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# बड़े मंगल के पावन अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर निकट आयोजित भण्डारे मे श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद,

### प्रदेश व देश की सुख–समृद्धि की कामना की

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर हजरतगंज, लखनऊ स्थित प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के निकट आयोजित भण्डारे मे पहुंचे, जहां उन्होंने संकटमोचन पवनपुत्र श्री हनुमान जी महाराज के चरणों में शीश नवाकर पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने बजरंगबली से देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना करते हुए सभी नागरिकों के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि बने रहने की प्रार्थना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में



राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल द्वारा आयोजित भंडारे में उप मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं एवं भक्तों को प्रसाद वितरित किया तथा प्रसाद ग्रहण भी किया। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि पवनपुत्र श्री हनुमान जी की कृपा से सभी के जीवन में आरोग्य, उत्साह और समृद्धि का प्रकाश सदैव बना रहे। मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में माननीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# बीमार सास से मिलने पहुंचे दामाद पर ससुर और साले ने किया जानलेवा हमला

**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के साउथ सिटी कालोनी में बीमार सास को देखने पहुंचे युवक पर उसके ससुर और बड़े साले ने गाली गलौज करने के बाद जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया, पत्नी की मदद से किसी तरह बचकर निकले पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। गुड्डन श्रीवास्तव पुत्र संज्जन श्रीवास्तव-राजाजी पुरम मिशन स्कूल के पास लखनऊ में परिवार के साथ रहते हैं, पीड़ित के मुताबिक वह अपनी पत्नी मीनू श्रीवास्तव एवं पुत्री एन्जल श्रीवास्तव के साथ अपनी ससुराल साऊथ सिटी,



म०न० ईडब्ल्यूएस/691 में रहने वाली अपनी सास ऊषा श्रीवास्तव पत्नी अनिल श्रीवास्तव से मिलने गये थें। सासू माँ की तबियत खराब थी इस लिए उसे देखने गये थें। इस दौरान सासू माँ की देख भाल को लेकर जब ससुर तथा बडे साले से बात की तो वह लोग शराब के नशे में अभद्रता करने लगे विरोध करने पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया तथा समझाने पर पत्थर से जान लेने की नियत से सिर पर चोट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान ससुर और साले अमित श्रीवास्तव ने मिलकर मारा, इस दौरान वह लोग जान से मार देने की बात कर रहे थे। तथा उनका इरादा मुझे जान से मार देने का था। उनके इस हमले से सिर चेहरे एवं शरीर के विभिन्न अंगों में गम्भीर चोट आयी है। अत्यधिक रक्तस्राव होने से पीड़ित मौके पर बेहोश हो गया। वही पीजीआई पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# बड़े मंगल पर माल और मसीढ़ा में उमड़ी आस्था, भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के अवसर पर मंगलवार को माल कस्बे में व्यापारियों एवं मसीढ़ा में पत्रकार विजय शुक्ला द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और सेवा भाव से ओतप्रोत इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा-अर्चना और वंदना के साथ हुआ। पूजन के बाद सर्वप्रथम प्रभु को भोग अर्पित किया गया, तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच पूड़ी-सब्जी के प्रसाद का वितरण शुरू किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण



भंडारे में प्रसाद वितरित करते पत्रकार

के लिए ठंडे पानी की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। भंडारे में माल, मसीढ़ा सहित आसपास के गांवों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़े मंगल के अवसर पर माल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भी भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बजरंगबली के जयकारे लगाए। इसी क्रम में माल में व्यापारियों द्वारा आयोजित भंडारे के दौरान पत्रकार सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। समारोह में पत्रकारों को हनुमान जी महाराज की प्रतिमा एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. आनंद कुमार सिंह, गोपाल गुप्ता, गुड्डू द्विवेदी, भास्कर सिंह, आशुतोष चौरसिया, उत्तम त्रिपाठी, शुभम गुप्ता, महिपाल यादव, राजेश रस्तोगी, शोभित सोनी, योगेंद्र तिवारी, दिनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# खुरूमपुर पावरहाउस में चल रही मनमानी, ज्यादातर समय रहती है बिजली गुल

**अमन लेखनी समाचार/ संवाददाता : शुभम सिंह चौहान**

लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत खुरूमपुर पावरहाउस की लापरवाही से क्षेत्रवासी परेशान हैं। बिजली आने और जाने का कोई निश्चित समय नहीं है। भीषण गर्मी के बीच ज्यादातर समय बिजली गायब रहती है, जिससे आम जनता और मजदूर वर्ग को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर मजदूर गर्मी में काम करके परेशान रहते हैं और रात में बिजली कटौती के कारण चैन से सो भी नहीं पाते। लोगों का कहना है कि मीटर बदलने या बिल संबंधी कार्यों के लिए कर्मचारी समय से पहले पहुंच जाते हैं, लेकिन बिजली व्यवस्था सुधारने में कोई ध्यान नहीं दिया जाता। भीषण गर्मी में लगातार हो रही बिजली कटौती क्षेत्र की गंभीर समस्या बन चुकी है।

## संक्षेप

### सड़क हादसे में मोपेड सवार महिला की मौत पति घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में मोपेड सवार महिला की मौत हो गई। इस दुर्घटना में महिला का पति मामूली रूप से घायल हो गया। दंपती घरेलू गैस सिलेंडर लेने जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार वैन ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी। मृतका की पहचान आर पी नगर शुक्लागंज निवासी गीता वर्मा (55) पत्नी पवन वर्मा के रूप में हुई है। उनके पति पवन वर्मा कानपुर केसा में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं। मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे पवन वर्मा अपनी पत्नी गीता के साथ मोपेड से जा रहे थे ।गजिया खेड़ा के पास सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार वैन ने उनकी मोपेड में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गीता वर्मा उछलकर सड़क के दूसरी ओर जा गिरीं और गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पवन वर्मा को भी मामूली चोटें आईं ।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल पवन वर्मा को उपचार दिलाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।इंस्पेक्टर गंगाघाट अजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस वैन चालक की तलाश कर रही है। इस हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार 30 वर्षीय सब्जी विक्रेता राजू की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना बिछपरी गांव के पास हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान अजगैन थाना क्षेत्र के किसरी खेड़ा निवासी राजू पुत्र स्वर्गीय रज्जन के रूप में हुई है। बताया गया कि राजू रोज की तरह किसी काम से बाइक पर निकले थे। बिछपरी गांव के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद राहगीरों ने राजू को सड़क पर घायल अवस्था में देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।परिजनों के अनुसार, राजू सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। राजू की मृत्यु से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है, क्योंकि वे ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला बाइक के अनियंत्रित होकर गिरने का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस पलटी, सात यात्रियों की मौत, दो दर्जन घायल

हादसा

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर ऐसी बस मंगलवार सुबह करीब 5 बजे अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दरोगा-कैदी समेत 7 यात्रियों की मौत हो गई। 3 पुलिसकर्मी समेत 25 लोग घायल हैं। दिल्ली से बिहार जा रही बस में 36 यात्री सवार थे।

पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस तेज रफ्तार में थी। अचानक ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया। बस डिवाइडर से टकराकर किनारे लगी रेलिंग पर लटक गई। इससे कई यात्री बस की खिड़कियों से एक्सप्रेस-वे के नीचे गिर गए। एक का पैर कटकर अलग हो गया।

हादसा औरास थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 262 के पास हुआ। मृतकों में बिहार के सीवान पुलिस लाइन में तैनात दरोगा रामचंद्र राम (59) और गुरुग्राम निवासी कैदी छत्तरपाल सिंह तोमर (59) भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, सीवान पुलिस की टीम 24 मई को कैदी को गुरुग्राम कोर्ट में पेशी के लिए लेकर गई थी ।हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। एक्सप्रेस-वे के बगल में ढलान वाली जगह पर घायल तड़पते रहे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। 6-7 एंबुलेंस की मदद से 32 घायलों को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। फर्श पर खून ही खून फैल गया। घायल दर्द से कराहते रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने 6 यात्रियों को मृत घोषित कर दिया। बाकी को प्राथमिक इलाज के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान एक और घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, बस में अधिकतर यात्री बस्ती, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर के रहने वाले थे। सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लिया है। घायलों के जल्द ठीक



होने की कामना की है ।हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। लंबा जाम लग गया। मृतकों में दरोगा-कैदी के अलावा सुरेश कुमार जायसवाल निवासी मुंडेरा बाजार (गोरखपुर), विदेशी गुप्ता निवासी मदपुर (गोरखपुर), विजय कुमार निवासी फारेसन गोविंदपुर (बस्ती) शामिल हैं। 2 की पहचान अब भी बाकी है। घायल यात्री बृजेश कुमार ने बताया कि वह हरियाणा के बल्लभगढ़ के रहने वाले हैं। रात के वक्त बस में सो रहे थे। अचानक तेज झटका लगा। धमाके जैसी आवाज हुई। इससे पहले कुछ समझ पाते सामने अंधेरा छा गया। होश आने पर खुद को सीएचसी में भर्ती पाया ।हादसे में घायल सिपाही रामजी ने बताया- बिहार के सिवान पुलिस लाइन में तैनात हूं। सोमवार रात 8.30 बजे दिल्ली से गोरखपुर के लिए निकले थे। सभी यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक धमाके जैसी आवाज हुई। नींद खुली तो बस पलटी हुई थी। चीख-पुकार मची हुई थी। बाद में पता चला कि उनके साथ यात्रा कर रहे दरोगा और कैदी की मौत हो गई है।

कैदी छत्रपाल सिंह तोमर पिछले 3 साल से सीवान में जिला परिषद के लिपिक की हत्या के मामले में जेल में बंद था। उस पर गुरुग्राम में भी धारा-307 और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। मामले में गवाही के लिए पुलिस उसे लेकर गई थी ।एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- वह सुबह घर से टहलने निकले थे। तभी अचानक जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। पीछे मुड़कर देखा तो बस दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी थी। यात्री खिड़कियों से नीचे गिर रहे थे। कुछ यात्री बस का शीशे तोड़कर बाहर निकल रहे थे। उन्होंने तुरंत डायल 100 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी ।एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- वह सुबह घर से टहलने निकले थे। तभी अचानक जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। पीछे मुड़कर देखा तो बस दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी थी। यात्री खिड़कियों से नीचे गिर रहे थे। कुछ यात्री बस का शीशे तोड़कर बाहर निकल रहे थे। उन्होंने तुरंत डायल 100 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सफीपुर सीओ सोनम सिंह ने बताया-

मंगलवार सुबह करीब 5.15 से 5.30 बजे के बीच एक्सप्रेस-वे पर बस हादसा हुआ। 5 लोगों की मौके पर, जबकि 2 की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक को सामुदायिक केंद्र से ही छुट्टी दे दी गई। 20 लोगों को लखनऊ के हायर सेंटर रेफर किया गया। एक्सप्रेस-वे पर यातायात सामान्य रूप से संचालित कराया जा रहा है।

## ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्यवाही लाखो का वसूला गया जुर्माना

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला प्रशासन ने ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के निर्देश पर गठित टास्क फोर्स ने बीते 48 घंटे में 89 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 37 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने जिले में अवैध रूप से संचालित ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया था। एआरटीओ संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में परिवहन, खनन, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया ।अभियान के तहत 48 घंटे में 48 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया, जिन पर नियमानुसार भारी जुमार्ना लगाया गया ।इसके अतिरिक्त, बिना नंबर प्लेट के चल रहे 41 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार, ये वाहन नियमों की अनदेखी कर अवैध रूप से संचालित हो रहे थे, जिससे सड़क सुरक्षा को खतरा था। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोड वाहनों से सड़कें तेजी से क्षतिग्रस्त होती हैं और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है। साथ ही, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का उपयोग अपराध और अवैध गतिविधियों में होने की संभावना रहती है। इन्हीं कारणों से जिलेभर में यह सघन अभियान चलाया जा रहा है ।एआरटीओ संजीव कुमार सिंह ने जानकारी दी कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन मालिकों और चालकों से अपने सभी दस्तावेज पूरे रखने तथा वाहनों का संचालन निर्धारित नियमों के अनुसार करने की अपील की है इस कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालक चेकिंग देखकर रास्ता बदलते हुए भी देखे गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के निर्देश पर ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित की गई है। संयुक्त टीमों ने 89 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 37 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला।

## बीमारी से जूझ रही महिला सिपाही की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव कंधियानी निवासी महिला सिपाही सची भट्ट की बीमारी के चलते मौत हो गई ।सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम भेजा है। कंधियानी निवासी शिवम शुक्ला का 4 वर्ष पूर्व बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव परौरी निवासी सुरेश की पुत्री सची के साथ विवाह हुआ था। सची भट्ट बहराइच में महिला थाने में तैनात थी। 18 मई को तबीयत खराब होने के चलते महिला सिपाही सची ने तीन दिन की छुट्टी लेकर आसवी हॉस्पिटल में दिखाया जहां पथरी की पुष्टि हुई। आराम न मिलने पर 21 मई को कानपुर स्थित रीजेंसी हॉस्पिटल में दिखाया जहां सुधार न होने पर 24 मई को राम मनोहर अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान सची की 25 मई को मौत हो गई ।मृतका सिपाही के एक डेढ़ वर्ष का पुत्र विश्वम शुक्ला है ।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि पति की सूचना पर महिला सिपाही का पोस्टमार्टम कराया गया है ।मायके पक्ष से अभी तक तक किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है ।पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। महिला सिपाही का अंतिम संस्कार बक्सर घाट पर किया गया।

## ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को भक्ति का दिखा माहौल जगह जगह भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर मंगलवार को श्रद्धा का माहौल रहा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। इन भंडारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी का आशीर्वाद लिया।

हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कई स्थानों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया ।शहर के प्रमुख मंदिरों के अलावा मोहल्लों, बाजारों और गांवों में भी सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं द्वारा बड़े स्तर पर भंडारे लगाए गए। इनमें पूड़ी-सब्जी, शरबत, हलवा, बूंदी, चना और ठंडे पेय पदार्थ वितरित किए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए पानी और शरबत की विशेष व्यवस्था की गई थी ।बड़े मंगल के आयोजनों के कारण शहर के कई मार्गों पर भीड़ बढ़ गई। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक के पुख्ता इंतजाम किए थे। प्रमुख चौराहों और मंदिरों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा, और यातायात पुलिस वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करती दिखी ।ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े मंगल का उत्साह देखने को मिला। गांवों में सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना शुरू हो गई थी। कई जगहों पर अखंड रामायण और भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन कर सुख-शांति की कामना की।

श्रद्धालुओं ने बताया कि बड़े मंगल का विशेष धार्मिक महत्व है और इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से संकट दूर होते हैं।

पूरे दिन जिले में धार्मिक आयोजनों और भंडारों का सिलसिला जारी रहा। बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

## खण्ड विकास अधिकारी ने कोटेदारों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में आज खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर ने कोटेदारों के संग बैठक की , बैठक के दौरान उन्होंने कोटेदारों को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी कोटेदार ज्यादा से किसानों से सम्पर्क करते हुए फार्मर रजिस्ट्री के लिये सभी को प्रेरित करो ,साथ ही ग्राम पंचायतों में समूह गठन के लिये लोगो को जागरूक करते हुए प्रोत्साहित करो । कोटेदारों को संम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार में किसी कारणवश कोई यूनिट कट गया हो या रह गया हो तो उनकी लिस्ट बना कर ब्लॉक मुख्यालय पर उपलब्ध करवाए ताकि छुटे यूनिट जुड़वाकर राशनधारको को राशन उपलब्ध कराया जा सके ।बैठक के



दौरान प्रवीण शुक्ल ,विद्याचरण , सन्तोष तिवारी , रणजीत सिंह , दीपेंद्र यादव , राजुकेशन चतुवेर्दी , श्रीकांत साहू सहित तीन दर्जन कोटेदार उपस्थित रहे ।

## डीएम की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में व्यापारियों और उद्यमियों ने बिजली, सड़क, यातायात, नगर पालिका, खाद्य सुरक्षा तथा पुलिस विभाग से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को उठाया। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। व्यापार बंधुओं ने बैठक में शहर की खराब सड़कें, जाम की समस्या, अव्यवस्थित यातायात, बिजली कटौती, नालों की सफाई और अतिक्रमण जैसे मुद्दों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। इस पर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने जोर दिया कि उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए ताकि व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कॉमर्शियल कनेक्शन धारकों को बिल जमा करने के लिए कम से कम 15 दिनों का समय दिया जाए और पर्याप्त समय दिए बिना उनके कनेक्शन न काटे जाएं ।यातायात व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा संचालन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि ई-रिक्शा केवल निर्धारित रूटों पर ही संचालित किए जाएं। इसके लिए एक कार्ययोजना तैयार कर उसे सख्ती से लागू करने को कहा गया। साथ ही, शहर में जाम की समस्या कम करने के लिए पुलिस और प्रशासन को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में शहर में बढ़ते अतिक्रमण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। जिलाधिकारी ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, गलत तरीके से वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ चालान और वाहन सीज करने की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने शहर में बनाए गए पड़ाव अड्डों की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके। इसके अलावा, नालों की सफाई और प्रकाश व्यवस्था को लेकर भी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत।

## पुलिस की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहे विरत




अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता बृजमोहन के खिलाफ फर्जी शिकायत कर कार्यवाही को लेकर मंगलवार को महामंत्री मनीष जयसवाल की अध्यक्षता मे बैठक कर पुलिस की कार्यशैली को लेकर अधिवक्ता नयायिक कार्य से विरत रहे और पुलिस को तहरीर देकर अधिवक्ता बृजमोहन को जान से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ कार्यवाही किए जाने पर अड़े रहे । जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर मे नारेबाजी कर प्रदर्शन किया ।थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया का नामजद आरोपी संदीप कुमार के खिलाफ शान्ति भंग की कार्यवाई की गयी है ।इस मौके टर पर कृष्णपाल सिंह चौहान , सुरेश पटेल , रणविजय सिंह , आशुतोष सिंह , श्यामू सिंह रमेश , प्रभात , निर्मल कुमार आदि रहे।

## प्रसाद बाट रही दो किशोरी को ट्रक ने मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सड़क किनारे प्रसाद बांट रही दो बच्चियों को ट्रक ने टक्कर मार दी हादसे में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के करोवन मोड़ रूस्तमपुर के पास सीमेंट से लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी दो बच्चियों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

जानकारी के अनुसार, सीमेंट से लदा ट्रक परियर रोड से उन्नाव की ओर जा रहा था। बाबू खेड़ा चौराहे के पास प्रसाद वितरण कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें कई लोग शामिल थे। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रक ने बच्चियों को टक्कर मार दी ।घायल बच्चियों की पहचान 10 वर्षीय रोशनी पुत्र दीपू 8 वर्षीय माही पुत्र पिंटू के रूप में हुई है। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं, और परिजनों के अनुसार रोशनी की हालत ज्यादा गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायल बच्चियों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने वाहन संख्या के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है ।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र से भारी वाहन अक्सर तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा उपाय करने और भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी सीके मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और चालक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। दोनों बच्चियों का अस्पताल में इलाज जारी है।

## आंधी से पेड़ व विद्युत पोल गिरे आपूर्ति ठप

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में सोमवार रात आई तेज आंधी ने भारी तबाही मचाई। धूल भरी हवाओं के साथ आई आंधी से कई पेड़ और विद्युत पोल टूट गए, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई।

हसनगंज विद्युत विभाग के कई फीडरों पर एक दर्जन से अधिक खंभे टूट गए और पेड़ गिर गए। इसके परिणामस्वरूप, देर रात से कई फीडर बंद हैं और क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पा रही है।

आंधी के कारण आम के बागों को भी भारी नुकसान हुआ है। बड़ी संख्या में आम के फल पेड़ों से गिर गए, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं ।किसान सचिन, बिपिन, राजेश और अजय जैसे स्थानीय लोगों ने बताया कि आंधी से बागों में आम बहुत गिरे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस समय मंडी खुली होने के कारण गिरे हुए आमों को सस्ते दामों पर बेचा जा सकेगा, जिससे नुकसान कुछ हद तक कम हो सकता है ।हसनगंज उपखंड अधिकारी सूर्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर विद्युत पोल टूटने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने लाइनमैन और जेई को तत्काल निरीक्षण कर जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने के आदेश दिए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को सुविधा मिल सके।

## अज्ञात कारणों से लगी आग हजारों की गृहस्थी जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बूचागाड़ा गांव में मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई ।आग की चपेट में आने से ग्रामीणों का भारी नुकसान हुआ है ।जहां एक ओर ग्रामीणों की गृहस्थी जल गई तो दूसरी ओर पशु भी आग की चपेट में आने से जल गए और कुछ पशु बुरी तरह झुलस गए ।उक्त अग्निकांड में गोपाल,उमेश,सुनील ,अनिल,होरीलाल,धनपति आदि का गृहस्थी का सामान,छप्पर सहित अन्य सामान जल गया ।फोन पर जानकारी देने के बाद भी फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची ।जिससे ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग पर नियंत्रण पाया ।उक्त अग्निकांड में लाखों का नुकसान हुआ है।

## निगोही में तीन घरों में चोरी

### लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लेकर चोर फरार, दो परिवार बाहर थे

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , निगोही थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में तीन मकानों को निशाना बनाया। चोरों ने तीनों घरों से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। इनमें से दो मकानों के परिवार बाहर थे, जिनके लौटने के बाद ही चोरी हुए सामान का सही आकलन हो पाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना निगोही नगर पंचायत के मोहल्ला रामनगर बगिया और गांधीनगर में हुई। रामनगर बगिया निवासी संजीव शर्मा के घर देर रात चोरों ने धावा बोला। घर का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित संजीव शर्मा ने निगोही थाने में घटना की तहरीर दी है। इसी मोहल्ला रामनगर बगिया में प्रेमपाल मौर्य के मकान का ताला तोड़कर भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। प्रेमपाल अपने परिवार के साथ गाजियाबाद में मजदूरी करते हैं। पड़ोसियों से फोन पर सूचना मिलने के बाद वह घर के लिए रवाना हो गए हैंउनके पहुंचने के बाद ही चोरी हुए सामान का सही आकलन हो सकेगा ।इसके अतिरिक्त, मोहल्ला गांधीनगर निवासी फूलबाबू के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया। फूलबाबू के परिजनों ने भी थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंप दी है। पुलिस ने बताया कि उन्हें एक तहरीर मिली है और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गुल्लक के पैसे भेजने वाले बच्चों से मिले राजपाल यादव

### भावुक होकर बोले- इनका प्यार मेरे लिए अनमोल, बच्चों के लिए मेरा जीवन कुर्बान

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर,बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने गुल्लक से रुपए निकालकर भेजने वाले बच्चों से मुलाकात की। बच्चों से मिलकर राजपाल यादव भावुक नजर आए। बच्चे भी बहुत खुश थे। राजपाल यादव ने बच्चों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन बेंचों पर भी बैठे जहां बच्चे बैठकर पढ़ाई करते हैं। बच्चों ने राजपाल को तोहफा दिया, तो वो बोले हमें गिफ्ट नहीं चाहिए, बल्कि हम आपके लिए गिफ्ट लेकर आएंगे। राजपाल यादव ने अपने जेल में बिताए समय को याद करते हुए कहा, वह ऐसा समय था जब इन बच्चों का 'भाव' देखने को मिला था। इस स्नेह की कीमत अमूल्य है। अभिनेता ने कहा, वे जल्द ही उनके इस भाव को लौटाएंगे राजपाल को बच्चों ने तोहफा दिया। जिसे देखकर वह बहुत खुश हुए और थैंक्यू बोला राजपाल को बच्चों ने तोहफा दिया। जिसे देखकर वह बहुत खुश हुए और थैंक्यू बोला।

### बच्चों के साथ आधा घंटा रहे राजपाल यादव

दरअसल, राजपाल यादव मंगलवार दोपहर साढ़े 3 बजे गुरूकुल सेवा ट्रस्ट कोचिंग पहुंचे। वह यहां करीब आधा घंटा रहे। गुरुकुल सेवा ट्रस्ट के संचालक कुमार सागर ने अभिनेता का वेलकम किया। बच्चे भी अपने सामने अपने फेवरेट अभिनेता को देखकर खुशी से झूम उठे। ग्रीटिंग कार्ड और शोपीस गिफ्ट कियाराजपाल ने बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई। बच्चों ने राजपाल को अपने हाथ से बनाए ग्रीटिंग कार्ड और शोपीस दिया। जिसे राजपाल ने बच्चों की खूब तारीफ की। उन्हें थैंक्यू बोला। कहा, हमें आपसे गिफ्ट नहीं चाहिए, बल्कि अब हम आपसे लगातार मिलते रहेंगे और आपके लिए गिफ्ट लेकर आएंगे। करीब 4 बजे राजपाल सभी का बाय बोलते हुए वहां से निकल गए। उन्होंने फिर आने का वादा भी किया।

## सम्पादकीय

# जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता जरूरी

देश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। उत्तर भारत से लेकर पूर्वी राज्यों तक सूरज आग उगल रहा है। हालात इतने भयावह हैं कि दुनिया के सबसे गर्म शहरों की सूची में भारत के 22 शहर शामिल हो गए हैं और कई जगहों पर तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। यह केवल मौसम का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि बदलते पर्यावरण और अव्यवस्थित विकास की गंभीर चेतावनी है। आने वाले तीन दिन तक राहत की उम्मीद नहीं है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हमारे शहर रेगिस्तानी देशों से भी ज्यादा गर्म हो गए रहे हैं। इस मौसम में तापमान का बढ़ना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, लेकिन यह जिस गति से बढ़ रहा है और जिस तरह से प्रभावित कर रहा है, वह परेशान करने वाला है। पहले भीषण गर्मी यानी मौसम में लू की आवर्ति दो बार ही होती थी, अब चार बार हो रही है। इस बार मानसून भी कमजोर रहने के संकेत हैं। प्रशांत महासागर के ऊपर बन रहा अलनीनो इसके लिए जिम्मेदार है। इस बार तो यहां तक भी घोषणा की जा रही है कि 1888 जैसा भयंकर सूखा पड़ सकता है। हालांकि उस समय की तुलना में आज हम बेहतर रूप से तैयार हैं। हमारे पास खाद्यान्न के भंडार भरे हुए हैं। इसलिए ऐसी स्थिति तो नहीं है कि लोगों को जान गंवानी पड़े, लेकिन देश का औद्योगिक विकास और उत्पादन ठप हो सकता है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि अब केवल दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी तपने लगी हैं। 35 शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री से ऊपर रहना इस बात का संकेत है कि धरती की प्राकृतिक संतुलन व्यवस्था तेजी से बिगड़ रही है। जब रात में भी शरीर और वातावरण को ठंडक नहीं मिलती, तब हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बुजुर्गों, बच्चों और मजदूर वर्ग पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। विभिन्न राज्यों की सरकारों ने कुछ राहत भरे कदम उठाए हैं। बिहार में छोटे बच्चों के स्कूल बंद किए गए हैं और पंजाब ने स्कूलों व सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया है। दरअसल, भीषण गर्मी का सबसे बड़ा कारण लगातार घटते जंगल, कंक्रीट के बढ़ते शहर, जलस्रोतों का अतिक्रमण और प्रदूषण हैं। विकास की अंधी दौड़ में हमने प्रकृति के साथ संतुलन खो दिया है। शहरों में पेड़ों की जगह सीमेंट ने ले ली और तालाबों की जगह इमारतों ने। नतीजा यह है कि धरती की सतह अधिक गर्मी सोख रही है और तापमान लगातार बढ़ रहा है। गर्मी के साथ-साथ पानी का संकट भी गहराता जा रहा है। पीने, नहाने और घरेलू उपयोग में पानी की मांग बढ़ती है, जबकि भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। ऐसे में पानी बचाना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता बन चुका है। घरों में वर्षा जल संचयन, पानी का सीमित उपयोग और रिसाव रोकने जैसे छोटे कदम भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। जलवायु परिवर्तन कई अन्य कारकों को भी जन्म दे रहा है। गर्मी व कम बारिश के बाद भी भीषण सर्दी और अतिवृष्टि भी इसकी जिम्मेदार है। जैसे-जैसे यह संकट बढ़ेगा, वैसे-वैसे हालात खराब होंगे। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर होकर काम किया जाए। सरकारों को भी समय रहते चेत जाना चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह से मानव के मस्तिष्क का सवाल है। व्यक्ति को कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए, जो जलवायु परिवर्तन का कारक हो और उन पर जोर देना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। यदि अभी भी चेतने में देर हुई, तो आने वाले वर्षों में यह गर्मी केवल असुविधा नहीं, बल्कि बड़े मानवीय संकट का रूप ले सकती है।

# भविष्य के लिए भयावह संकेत है बढ़ती गर्मी



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

भारत जैसे विकासशील देश में 'ग्लोबल वार्मिंग' अब महज विचार गोष्ठियों में शाब्दिक जुगाली का ही मसला नहीं है बल्कि अब यह देश के जनजीवन के साथ ही हमारे अर्थव्यवस्था पर भी अच्छा खासा असर डाल रहा है। देश के अनेक हिस्सों में जेठ की तपिश ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो रही है जिसका समापन 2 जून को होगा। नौतपा का धार्मिक के साथ ही वैज्ञानिक आधार भी है इस दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है फलस्वरूप सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं। माना जाता है कि इन नौ दिनों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप रहता है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार नौ दिनों में पड़ने वाली भीषण गर्मी से निम्न दाब का क्षेत्र बनता है जो चक्रवाती प्रक्रिया से समुद्र से नमी लेकर मजबूत मानसून और बारिश की संभावना बनाता है। इस दौरान तेज धूप से मिट्टी में मौजूद खरपतवार और फसल के लिए नुकसानदायक कीट इत्यादि को खत्म करता है वहीं मिट्टी भुरभुरी और उपजाऊ बनती है।

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सहित 11 राज्यों में हीटवेव चलने की संभावना है लिहाजा ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विशेषज्ञों के अनुमान के मुताबिक भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण साल 2026 में देश का आर्थिक विकास लड़खड़ा सकता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक देश के अनेक इलाकों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है फलस्वरूप कृषि उत्पादकता और श्रम उत्पादकता में असर पड़ेगा जिससे महंगाई बढ़ेगी। 'दुबले पर दो अषाढ़' की कहावत चरितार्थ एक तरफ देश और दुनिया पश्चिम एशिया युद्ध के चलते ऊर्जा संकट और जरूरी जिंसों के किल्लत तथा महंगाई से जूझ रहा है वहीं दूसरी तरफ भीषण गर्मी ने इस मुसीबत को और भी बढ़ा दिया है। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक देश में तापमान का यदि यही हालात रहे तो साल 2030 तो जीडीपी में 2.5 फीसदी से 4.5 फीसदी नुकसान होने की संभावना है वहीं 3.4 करोड़ लोगों की नौकरियों पर भी खतरे का अंदेशा है। भारत में भीषण गर्मी जनस्वास्थ्य के साथ - साथ देश के आर्थिक सेहत पर भी असर डाल रहा है।

गौरतलब है कि भारत में साल दर साल गर्मी नया रिकॉर्ड बना रहा है तथा अनेक राज्यों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से उपर पहुंच गया है। राजस्थान, उत्तरप्रदेश और दिल्ली जैसे इलाकों में गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और पारा 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। शहरों से लेकर गांवों में गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ रही है फलस्वरूप ऊर्जा लागत में बढ़ोतरी के साथ ही बिजली कटौती करनी पड़ रही है जिसका असर औद्योगिक उत्पादन में पड़ रहा है। 'द लैंसेट' के एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1990-99 की तुलना में 2025 में 124 फीसदी अधिक घंटों का नुकसान हुआ है। काम करने के घंटों में नुकसान की वजह से जहां योजनाओं की लागत में बढ़ोतरी होती है वहीं कार्य पूर्णता अवधि भी प्रभावित होती है।



बीते कई सालों में यह पहला मौका है जब प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों ने लोगों को यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि आगे क्या होगा? इस साल गर्मियों की शुरुआत में ही बढ़ते तापमान ने जनजीवन पर व्यापक असर डाला है फलस्वरूप स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां तय समय से पहले घोषित कर दिया गया। गर्मी ने इस बार पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों में अपना रौद्र रूप दिखाया है जो निश्चित तौर पर एक चेतावनी है।

बहरहाल भीषण गर्मी और लू के हालात को देखते हुए मौसम विभाग सहित अनेक राज्य सरकारों ने नागरिकों के लिए चेतावनी और सावधानी एलर्ट भी जारी किया है। गर्मियों में केवल लू ही सेहत के लिए संकट नहीं है बल्कि इस मौसम में पाचन तंत्र से संबंधित आंत्रशोथ, पीलिया, टायफाइड और मलेरिया से पीड़ित रोगियों की संख्या में इजाफा हो जाता है। गर्मी और लू के कारण सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के मद्देनजर बचाव के लिए लोगों को सचेत होने की जरूरत है।

अलबत्ता लू के शुरुआती लक्षण मिलने पर व्यक्ति को तुरंत ठंडे और हवादार कमरे में ले जाकर जीवन रक्षक या नमक - चीनी का घोल पिलाना चाहिए तथा पूरे शरीर में गीले कपड़े की पट्टी करना चाहिए अथवा ठंडे पानी से स्नान करवा कर तत्काल चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति खाली पेट न रहे इसके अलावा ठंडी जगह या छांव से तुरंत तेज धूप में न निकलें। व्यक्ति जब भी धूप में निकलें सूती कपड़े, टोपी, स्कार्फ और धूप के चश्मे का प्रयोग करें तथा बार बार शिकंजी, पानी और छाछ का सेवन करते रहें इस सतर्कता से बहुत हद तक लू से बचाव और मौत से सुरक्षा संभव है।

विचारणीय है कि भारत के शहर ही नहीं बल्कि कस्बों और गांवों में भी तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है। देश के शहर हीट आइलैंड बनने लगे हैं जहां दिन के साथ ही रातें भी काफी गर्म हैं। भीषण गर्मी के चलते अधिकांश शहर पेयजल और बिजली के संकट से जूझ रहे है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान 'आईआईटी' भुवनेश्वर ने देश के 140 शहरों में किए गए अपने अध्ययन में इन शहरों में 60 फीसदी बढ़ती गर्मी के लिए शहरीकरण, हरित क्षेत्र का घटना, पेड़ और जलस्रोतों का बड़ी तेजी से खत्म होना और बढ़ते कांक्रीटीकरण जैसे कारणों को जिम्मेदार माना है। इस अध्ययन में महानगरों सहित बड़े और मझोले शहरों को शामिल किया गया था। महानगरों और शहरों में बढ़ते मानव बसाहट के चलते हरित क्षेत्रों और नदियों व तालाबों को पाटकर वहां गगनचुंबी कांक्रीट के इमारतें, सड़कें और चौपाटी बनाई जा रही हैं जहां एयरकंडीशनर्स और रेफ्रिजरेटर्स का बहुतायत उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा बढ़ते तापमान के लिए औद्योगिकीकरण, बढ़ती जनसंख्या, जंगलों का विनाश, पर्यावरण प्रदूषण, वाहनों का अंधाधुंध प्रयोग, एयरकंडीशनर का बेतहाशा उपयोग, जलस्रोतों का घटना, जंगलों और नदियों में बेतहाशा खनन, कोयला आधारित बिजली घरों और उद्योगों का निर्माण सहित पहाड़ों और नदियों के प्राकृतिक स्वरूप को खत्म कर विकास योजनाओं को लागू करना जैसे कारण जवाबदेह हैं।

पृथ्वी के तापमान में लगातार बढ़ोतरी के चलते प्राकृतिक आपदाएं भी आ रही है जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है साल 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ की त्रासदी आज भी लोगों के जेहन में जिसमें लाखों लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों गांव तबाह हुए थे। इसके बाद अमूमन हर साल उत्तराखंड सहित अनेक पर्वतीय राज्यों में आपदाएं जारी है जिसके लिए मुख्य वजह इन इलाकों में बढ़ता तापमान है। हिमालय क्षेत्र में बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के चलते ग्लेशियर पिघल रहे हैं फलस्वरूप जलतांडव हो रहा है। इसके अलावा इन क्षेत्रों में भूकंप, अतिवृष्टि, बाढ़, बादल फटने की घटनाएं लगातार कहर बरपा रही है।

तपती गर्मी के परिप्रेक्ष्य में मानवीय पहलुओं पर भी विचार आवश्यक है देश में एक वर्ग ऐसा है जो अपने घरों या दफ्तरों में कूलर या एसी की ठंडक में तपती गर्मी का मुकाबला कर लेते हैं लेकिन बहुतेरे ऐसे लोग भी हैं जिनका जीवन यापन दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर है। चिलचिलाती धूप में सड़कों पर भारी सामान ढोते या इमारतों को आकार देते मज़दूरों की बेबसी दिल में टीस पैदा करती है। सबसे करूण दृश्य यह कि लू के थपेड़ो के बीच महिला श्रमिक अपने दुधमुंहे बच्चे को आंचल में लपेटे सिर पर बोझ ढोए नजर आती है।

अलबत्ता आज की बढ़ती गर्मी हमें भविष्य की भयावहता की ओर इशारा कर रही है लिहाजा सरकार और समाज को अभी ही सचेत होने की जरूरत है। भारत में 2016 में 130 शहरों के लिए 'हीट एक्शन प्लान' लागू किया गया था जिसका उद्देश्य लोगों को भीषण गर्मी से बचाना था। यह योजना पहले चरण में दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबादऔर जयपुर सहित 20 शहरों में लागू किया था। विडंबना है कि बीस शहरों में से अकेले अहमदाबाद में ही इस योजना का असर दिखाई देता है बाकी जगह यह फाइलों में कैद है। नागरिक समाज भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महज रस्म अदायगी कर रही है जिसका परिणाम अंततोगत्वा आने वाली पीढ़ी को ही भोगना होगा।

## प्रतीक
डॉ. घनश्याम बादल



# उभरना राजनीति में 'कॉकरोचों' का !

सियासत में समय-समय पर ऐसे प्रतीक उभरते रहे हैं, जो शब्द मात्र नहीं, जनभावनाओं के विस्फोट का माध्यम बने हैं। कभी आम आदमी का पार्टी का गठन भी इसी तरीके से हुआ था, जैसे हाल के दिनों में विभिन्न आभासी मीडिया मंचों पर चर्चित "कॉकरोच जनता पार्टी" बनी है। अभिजीत दीपके द्वारा गठित कॉकरोच जनता पार्टी ऐसा ही एक राजनीतिक-सामाजिक प्रतीक बनकर सामने आई है। कॉकरोच जनता पार्टी जैसा नाम भले ही व्यंग्यात्मक लगे, किंतु इसके पीछे छिपी बेचैनी, असंतोष और व्यवस्था-विरोधी मनोवृत्ति को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह केवल एक डिजिटल मज़ाक नहीं, बल्कि उस पीढ़ी का आक्रोश माना जाना चाहिए जो स्वयं को व्यवस्था द्वारा उपेक्षित, अपमानित और अनसुना महसूस कर रही है। इस पूरी कहानी की शुरुआत उस विवादास्पद टिप्पणी से मानी जा रही है, जिसमें बेरोजगार युवाओं की तुलना "कॉकरोच" से करने वाला विवादित बयान भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत से जुड़ा बताया गया है। 15 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट में एक 'फ्री वोलस' यानी तुच्छ समझे जाने वाले प्रकरण की सुनवाई के दौरान सामने आई थी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मौखिक टिप्पणी में कहा गया था कि कुछ बेरोजगार युवा "कॉकरोच की तरह" विभिन्न क्षेत्रों में घुस जाते हैं, जिनमें पत्रकारिता और आरटीआई एक्टिविज़्म का भी उल्लेख किया गया। इस कथन के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। बड़ी संख्या में युवाओं ने इसे पूरे बेरोजगार वर्ग का अपमान माना। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी को "गलत तरीके से पेश" किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आशय समूची युवा पीढ़ी से नहीं था, बल्कि उन लोगों से था जो "फर्जी और नकली डिग्रियों" के सहारे पेशों में प्रवेश करते हैं। इसी कथित टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक प्रतिरोध के रूप में "कॉकरोच जनता पार्टी" का उदय हुआ।

शुरुआत में इसे केवल एक मीम या इंटरनेट ट्रेंड माना गया, किंतु कुछ ही दिनों में यह डिजिटल आंदोलन का रूप लेने लगा। इतना स्पष्ट है कि युवाओं ने इसे अपने आक्रोश की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया है। भारतीय राजनीति के संदर्भ में इस घटना को समझें तो आज का युवा पारंपरिक राजनीति से ऊब चुका है। वह लंबी वैचारिक बहसों से अधिक प्रत्यक्ष अनुभवों पर विश्वास करता है। बेरोजगारी, परीक्षा-पत्र लीक, अवसरों की कमी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और आर्थिक व सामाजिक तथा व्यक्तिगत असुरक्षा ने उसके भीतर गहरी निराशा व एक बड़ा शून्य पैदा कर दिया है। उसे लगता है कि सत्ता, न्याय व्यवस्था या राजनीतिक दल उसकी पीड़ा को समझने के बजाय उसका उपहास कर रहे हैं, तब व्यंग्य उसका प्रतिरोध का हथियार बन सामने आता है। "कॉकरोच जनता पार्टी" इसी व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति की उपज है। यह उस पीढ़ी की सोच है जो आज कह रही है कि यदि व्यवस्था हमें "कॉकरोच" समझती है, तो हम उसी शब्द को प्रतिरोध के प्रतीक में बदल देंगे। पहले राजनीतिक दल ज़मीन से उठते थे, फिर मीडिया तक पहुंचते थे। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पहले पहचान बनती है और बाद में वास्तविक राजनीतिक संभावना तैयार होती है। यही कारण है कि "कॉकरोच जनता पार्टी" का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा उत्पन्न हुई और वह वायरल हो गया। हालांकि इस पूरे आंदोलन को लेकर कई प्रश्न भी हैं। क्या यह वास्तविक राजनीतिक संगठन है अथवा केवल डिजिटल असंतोष का बुलबुला मात्र है? क्या इसके पीछे कोई संगठित राजनीतिक रणनीति है? क्या यह किसी दल विशेष के विरोध या समर्थन का अप्रत्यक्ष माध्यम है? इन प्रश्नों के स्पष्ट उत्तर अभी उपलब्ध नहीं हैं। याद रहना चाहिए कि लोकतंत्र में व्यंग्य हमेशा जनभावनाओं का संकेतक रहा है। जब जनता सीधे विरोध करने में असहज महसूस करती है, तब हास्य और कटाक्ष उसकी भाषा बन जाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के आंदोलनों का उदय लोकतंत्र के स्वास्थ्य का संकेत भी है और चेतावनी भी।


## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

## एक गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं। अगर अवगुण छोटा सा भी हुआ तो हमारा जीवन बर्बाद हो सकता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी शुरुआत**

दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा-थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतो के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है।

- मदन जोशी, बिलासपुर

## ट्रेंड

### छात्रों का भविष्य



जब मोदी जी इटली में मिठाइयां बांटते हुए रील बना रहे थे, तब भारत में पेपर लीक से परेशान युवा सड़कों पर उतरकर न्याय की मांग कर रहे थे। क्योंकि एनईटी पेपर लीक ने लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद कर दिया है।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### ज़हरीली बयानबाज़ी



कांग्रेस की राजनीति अब विचारों से नहीं, बल्कि जहरीली बयानबाजी से प्रेरित है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के विरुद्ध घटिया भाषा का प्रयोग करना, यह दर्शाता है कि कांग्रेस ने न केवल सत्ता खोई है, बल्कि अपने मूल्य भी खो दिए हैं।
- **स्मृति ईरानी**, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### महिला सीमा रक्षक



मिशनवंदेमातरम के तहत, बीएसएफ की पहली महिला सीमा रक्षकों ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहराकर अदम्य साहस और अटूट संकल्प का उदाहरण पेश किया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि बेटियों की आकांक्षाओं से ऊंची कोई चोटी नहीं होती। आप पूरे देश का गौरव है।
- **नीतीश कुमार**, पूर्व सीएम, बिहार

### गैरजिम्मेदाराना बयान



एनटीए अध्यक्ष प्रदीप जोशी ने संसदीय समिति के समक्ष कहा है कि उन्हें एनईटी परीक्षा में पेपर लीक होने की बात पर विश्वास नहीं है। एक ओर तो एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी है, वहीं एनटीए अध्यक्ष ऐसे गैरजिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं।
-**अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# पाक-चीन संबंधों के 75 वर्ष पूर्ण, जारी होगा स्मारक सिक्का

पाकिस्तान ने चीन के साथ राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 75 पाकिस्तानी रुपये का एक विशेष स्मारक सिक्का जारी करने की घोषणा की है। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना के दो साल से भी कम समय में 1951 में पाकिस्तान और चीन ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित किए। पाकिस्तान पहला मुस्लिम राष्ट्र था जिसने बीजिंग के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि यह स्मारक सिक्का 25 मई से देश भर में स्थित उसके बैंकिंग काउंटरों के माध्यम से जनता के लिए उपलब्ध होगा।



## ऑफ बीट

# सब कुछ कार्बनमुक्त करना असंभव है, लेकिन क्यों

किसी भी सुपरमार्केट में कदम रखते ही आप चारों ओर कार्बन से घिरे होते हैं। यह वह कार्बन नहीं है जिसे जलवायु रिपोर्टों में पीपीएम यानी 'पार्ट्स पर मिलियन' में मापा जाता है, बल्कि यह कार्बन का सबसे ठोस रूप है। शैम्पू की बोतल की पॉलीमर परत, छत की टाइलों के पीछे की इन्सुलेशन, और आपके बैग में प्रयुक्त सिंथेटिक फाइबर... कार्बन ही तो है। ये वस्तुएं जीवश्म ईंधन युग की अनजानी उपज नहीं हैं। ये इसके दूसरे चरण का हिस्सा हैं, जो जलने जितना स्पष्ट नहीं है लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण है। वैश्विक नेट-जीरो चर्चा लगभग पूरी तरह ऊर्जा तक ही सीमित रही है। यह दृष्टिकोण आवश्यक है, लेकिन इसके पीछे एक मान्यता है







**संक्षेप**

## चोरी की बाइक के साथ अंतरजनपदीय चोर गिरफ्तार

**अमेठी पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह में शातिर अपराधी दबोचा**

अमेठी , पुलिस ने 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत एक अंतरजनपदीय चोर को गिरफ्तार किया है। रामगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान इस शातिर अपराधी को पकड़ा, जिसके पास से चोरी की एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है ।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत, रामगंज पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान, अम्बेश तिवारी उर्फ राज तिवारी पुत्र दिनेश चंद्र तिवारी निवासी सिधाई, शाहगंज, जौनपुर को एक बाइक (यूपी 50 डीएफ 8392) पर रोका गया। वह बाइक के कागजात नहीं दिखा सका और तलाशी में उसके पास से एक सैमसंग मोबाइल भी मिला ।पूछताछ में अभियुक्त अम्बेश तिवारी ने बताया कि उसने एक महीने पहले आजमगढ़ में एक परिचित के घर के पास से चाभी लगी खड़ी बाइक और मोबाइल चुराया था। उसने बताया कि आसपास कोई न होने का फायदा उठाकर वह दोनों चीजें लेकर भाग आया था ।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ आजमगढ़, जौनपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर और अंबेडकरनगर सहित पांच जिलों में चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। रामगंज थाने में उसके खिलाफ मु0अ0सं0 58/26 धारा 2(30), 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है ।इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा, उपनिरीक्षक सतीश चंद्र, कांस्टेबल प्रदीप यादव और कांस्टेबल जोखन शामिल थे।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने टीम के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है।

## गौरीगंज बैठक में बिजली-जल निगम पर नाराजगी

**विधायक-एमएलसी ने अधिकारियों को सुधार के दिए निर्देश**

अमेठी , जिले के गौरीगंज ब्लॉक सभागार में प्रधान संघ अध्यक्ष और क्षेत्र पंचायत की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक राकेश प्रताप सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह और ब्लॉक प्रमुख ने संयुक्त रूप से की। इसमें क्षेत्र के विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर गहन चर्चा हुई। बैठक में बिजली विभाग और जल निगम की लापरवाही प्रमुख मुद्दा रही। प्रधानों ने अधिकारियों को बताया कि भीषण गर्मी में गांवों में घंटों बिजली कटौती हो रही है। कई गांवों में ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं और महीनों से बदले नहीं गए हैं ।इसके अतिरिक्त, जल निगम की पाइपलाइन जगह-जगह लीक हो रही है, जिससे पेयजल संकट गहरा गया है। कई हैंडपंप भी खराब पड़े हैं ।विधायक राकेश प्रताप सिंह ने दोनों विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी खराब ट्रांसफार्मर 7 दिन के भीतर बदले जाएं ।और रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# रूपईडीहा में फर्जी अस्पतालों और क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**राय क्लीनिक समेत पांच संस्थान सील, अवैध इलाज के खिलाफ अभियान तेज**

### झोला छाप डॉक्टरों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा के अधीक्षक डॉ. थानेदार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रूपईडीहा में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, क्लीनिकों और पैथोलॉजी केंद्रों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच संस्थानों को सील कर दिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया ।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के दौरान मानकों और आवश्यक दस्तावेजों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर लाइफ केयर हॉस्पिटल, केयर पैथोलॉजी, राय क्लीनिक, जे जे क्लीनिक तथा मर्सी पॉली क्लीनिक को सील कर दिया। विभाग का कहना है कि बिना पंजीकरण और बिना निर्धारित मानकों के संचालित संस्थानों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा ।स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में सबसे गंभीर मामला राय क्लीनिक का सामने आया। जांच के दौरान क्लीनिक में न तो वैध पंजीकरण मिला और न ही आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराए जा सके। सूत्रों के अनुसार क्लीनिक संचालक डॉ. सुकांत राय का रजिस्ट्रेशन तक नहीं था, इसके बावजूद मरीजों का इलाज किया जा रहा था ।बताया जा रहा है कि आयुर्वेदिक पद्धति से जुड़े होने के बावजूद क्लीनिक में एलोपैथिक उपचार किया जा रहा था। मरीजों को इंजेक्शन लगाए जा रहे थे तथा ग्लूकोज की बोतलें चढ़ाई जा रही थीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मामूली बुखार से लेकर गंभीर बीमारियों तक का इलाज बिना विशेषज्ञता के किया जा रहा था, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती थी ।स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार गलत दवाओं, दूषित सुई अथवा बिना प्रशिक्षित व्यक्ति



द्वारा लगाए गए इंजेक्शन से गंभीर संक्रमण, एलर्जी, लकवा, किडनी फेल्योर और जानलेवा रिएक्शन जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं ।क्षेत्रीय लोगों ने सवाल उठाया कि बिना पंजीकरण और बिना योग्यता के ऐसे क्लीनिक लंबे समय तक कैसे संचालित होते रहे। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि ऐसे संस्थानों के खिलाफ केवल सीलिंग की कार्रवाई ही नहीं, बल्कि धोखाधड़ी और लोगों की जिंदगी खतरे में डालने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाए ।अधीक्षक डॉ. थानेदार ने कहा कि मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले अवैध अस्पतालों और क्लीनिकों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और बिना मानक संचालित संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।इस कार्यवाही से आम जनता में खुशी की लहर देखने को मिल रही है लोगों का कहना है कि इतने दिनों से हमारे जिंदगियों से इलाज के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा था लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में डॉ0 थानेदार के आने के बाद उनकी सक्रियता से लोगों को स्वास्थ्य क्षेत्र में अच्छी पहल और सुधार होने की संभावना दिख रही है। नवाबगंज क्षेत्र के लोगों की मांग है कि ऐसी ही कार्यवाही निरंतर करने की जरूरत है जिससे आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# दुःखद: नहाने के दौरान डूबने से सभासद के नाबालिग पुत्र की मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा के वार्ड नंबर 5 के सभासद जाकिर के नाबालिग पुत्र की डूबने से मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभासद जाकिर का पुत्र इरफान (लगभग 16 वर्ष) अपने चार-पांच साथियों के साथ रूपईडीहा थाना क्षेत्र के चिकनिया के पास स्थित नहर/जलाशय में नहाने गया था। नहाने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में चला गया और डूबकर लापता हो गया।

साथ में मौजूद साथियों ने बताया कि घटना लगभग शाम 4 बजे हुई। युवक के डूबने की सूचना तत्काल चिकनिया चौकी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई गई ।करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शाम लगभग 6 बजे के बाद युवक का शव बरामद कर लिया गया। इसके बाद रूपईडीहा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी ।घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्रीय लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# बड़े मंगलवार पर कैसरगंज में आस्था का संगम

**उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने कराया विशाल भंडारा**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कैसरगंज की ओर से श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां सभी ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया ।कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय नारों और धार्मिक उल्लास से गूंज उठा। बैंक परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आयोजन में बैंक कर्मचारियों ने स्वयं सेवा भाव से प्रसाद वितरण कर सामाजिक एकता और मानव सेवा का संदेश दिया ।इस अवसर पर शाखा प्रबंधक शरद चंद चौबे ने कहा कि बड़े मंगलवार का पर्व सेवा, आस्था और जनकल्याण का संदेश देता है। समाज के बीच रहकर लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है ।भंडारे में अभिषेक यादव, प्रबंधक अंशी पाण्डेय, राकेश कुमार सहित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कैसरगंज के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने श्रद्धालुओं का स्वागत कर प्रसाद वितरण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में कस्बावासी, व्यापारी, युवा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। लोगों ने बैंक परिवार के इस सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए इसे भाईचारे और जनसेवा की मिसाल बताया।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित रुपईडीहा मे जेठ माह के चौथे बड़े मंगल पर जगह-जगह हुआ प्रसाद वितरण

### बजरंग बली के जयकारों से गूंजा नगर

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा में जेठ माह के बड़े मंगलवार को बाजा बजा कर जगह-जगह पर कैसेट के माध्यम से हो रहा भंडारा भैया, हो रहा भंडारा भैया, भंडारे का आयोजन किया गया आपको बताते चलें इस जेठ माह के बड़े मंगलवार के शुभ अवसर पर साकेत नगर में पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ हरिश्चंद्र (बंटू) भैया, डॉ यशपाल चंद्र ₹गोपी भैया₹ द्वारा अपने निज निवास के सामने स्टाल लगाकर हनुमान जी की आरती जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर राम दूत अतुलित बल धामा अंजनी पुत्र पवनसुत नामा के तुरंत बाद भंडारे भव्य भंडारे का प्रसाद वितरण आयोजन किया गया। इसी क्रम में आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के कई मोहल्ले में जगह-जगह पर भंडारे का आयोजन किया गया भक्त गणों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते समय जय श्री राम जय बजरंगबली का उद्घोष करते रहे और भंडारे का आनंद लेते रहे ज्ञातव्य हो कि भक्तगणों का उत्साह और अपनी प्रेम भरी वाणी से भंडारा लोगों का मन मोह लिया। भंडारे का आयोजन स्टेशन रोड, डाकखाने के सामने एचडीएफसी बैंक के सामने रामलीला चौराहा, चकिया रोड गुड गुड डेरी के सामने, पेट्रोल पंप के सामने, पचपकड़ी, पोखरा, गोकुलपुर आदि जगहों पर पंडाल लगाकर आने जाने वाले यात्रियों को श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण करवाया लोगों ने भी काफी उत्साह पूर्व भंडारे का आनंद लिया। इस बड़े मंगलवार के पावन पर्व के शुभ अवसर पर रामनरेश बरनवाल, रवि प्रताप गुप्ता, राकेश त्रिपाठी सूरज वर्मा,विष्णु दीक्षित, आकाश, शुभम, विकास, रोहित, प्रवीन खेतान, विजय गुप्ता, (मुनई) बलराम शुक्ला पवन शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, विजय सिंह, श्याम सिंह, राजेंद्र कुमार सिंह, रमेश कुमार मिश्रा, श्याम कुमार मिश्रा, नरेश सोनी, अंकुर सिंह, अमित मद्धेशिया, अंकित अग्रवाल, रुद्र प्रताप मिश्रा, मनीराम शर्मा, नीरज बरनवाल, प्रभात मद्धेशिया, प्रशांत मदेशिया, प्रशांत मदेशिया ,आदि प्रसाद ग्रहण करने एवं वितरण में सैकड़ो लोगों ने बजरंगबली के भंडारे में उपस्थिति दर्ज करवाई।

# बड़े मंगल पर जगह जगह पर हुआ भंडारे का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगलवार पर गजाधरपुर क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। वजीरगंज रोड़ पर रघुराज मौर्या ने लंगर लगवाया ।प ारसेंडी चौराहे पर अन्नू सिंह सन्तोष सिंह राजेस पाठक ने बेदौरा गजाधरपुर समेत तमाम जगहों पर छोला चावल के भंडारे का आयोजन किया गया ।जहाँ श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, छोला, चावल, नुकती व शरबत प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया ।इस मौके पर त्रिलोकी सिंह बेदौरा कन्दौली प्रधान सोनू पाठक अंशु सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बकरीद को लेकर प्रशासन अलर्ट

**एसडीएम व सीओ ने कुबार्नी स्थलों का किया निरीक्षण**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में उप जिला अधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव ने थाना कैसरगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंज पहुंचकर कुबार्नी स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कुबार्नी करने वाले स्थानों पर साफ-सफाई, पर्दे एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि कुबार्नी केवल निर्धारित एवं सुरक्षित स्थानों पर ही की जाए, जिससे किसी भी व्यक्ति की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कुबार्नी के दौरान पर्दे की विशेष व्यवस्था की जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की गतिविधि न हो। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुबार्नी घरों के अंदर अथवा निर्धारित स्थानों पर ही करें और पूरी प्रक्रिया को गोपनीय एवं मर्यादित ढंग से संपन्न करें। अधिकारियों ने यह भी निर्देशित किया कि कुबार्नी के बाद बचा हुआ अवशेष किसी भी हालत में सड़क, नाली या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंका जाए। अवशेषों को सुरक्षित तरीके से जमीन के अंदर दफन किया जाए, ताकि स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पुलिस बल एवं ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

# जनपद में रंग ला रहा 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान, दो महीने में मिले 1,686 नए मरीज

**संकोच छोड़ें, जांच कराएं, समय पर पहचान से फेफड़े रहेंगे सुरक्षित: सीएमओ**

**बिना लक्षण वाले 66 लोगों में टीबी की पुष्टि, समय रहते शुरू हुआ इलाज**

**खामोशी से पनपती बीमारी की समय पर हो रही पहचान**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। टीबी शुरूआती चरण में अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के चुपचाप फेफड़ों को नुकसान पहुंचाती रहती है। ऐसी ही छिपी हुई बीमारी की समय रहते पहचान के लिए जिले में 24 मार्च से 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 12,754 बिना लक्षण वाले लोगों का डिजिटल एक्स-रे कराया गया। एक्स-रे में हल्के संकेत मिलने पर जब सीबी-नाट जांच कराई गई, तो 66 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई। खास बात यह रही कि इन लोगों को स्वयं भी अपने संक्रमित होने की जानकारी नहीं थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमों ने विशेष रूप से उन संवेदनशील क्षेत्रों और लोगों पर ध्यान केंद्रित किया है, जहां संक्रमण की आशंका अधिक होती है। इनमें कुपोषित व्यक्ति, मलिन बस्तियों में रहने वाले लोग, ईंट-भट्ठों और निर्माण स्थलों पर कार्यरत मजदूर, मधुमेह के रोगी, बुजुर्ग, पूर्व में इलाज करा चुके लोग तथा वर्तमान मरीजों के साथ रहने वाले लोग शामिल हैं ।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि जिले में प्रस्तावित 350 विशेष शिविरों में से अब तक 152 का आयोजन किया जा चुका है। इन शिविरों के माध्यम से बिना लक्षण वाले 66 मरीजों के अलावा, लक्षणयुक्त 1,620 अन्य लोगों में भी टीबी की पुष्टि हुई है। बीते दो महीनों में कुल 1,686 नए मरीजों की पहचान कर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में जनपद में लगभग 6,000 टीबी मरीज उपचाराधीन हैं, जिनकी नियमित दवा और पोषण सहायता सुनिश्चित की जा रही है ।सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अक्सर लोग यह सोचकर जांच नहीं कराते कि जब खांसी या बुखार जैसे लक्षण नहीं हैं तो बीमारी कैसे हो सकती है, जबकि शुरूआती चरण में टीबी बिना लक्षण के भी हो सकती है। उच्च जोखिम समूह में इसके होने की आशंका अधिक रहती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि गांव, बस्ती या अस्पतालों में लगने वाले स्वास्थ्य विभाग के शिविरों में अपनी और परिवार की निःशुल्क जांच अवश्य कराएं। समय पर पहचान और नियमित दवा से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। जागरूक और सतर्क रहना ही इस अभियान का सबसे बड़ा संदेश है।

# डायल 112 पहुंचाएगी बीमारों को अस्पताल

**एसपी की पहल, भीषण गर्मी में सभी पीआरवी गाड़ियों को निर्देश जारी**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी ,बढ़ती भीषण गर्मी और लू के कहर के बीच, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने आदेश जारी किया है कि अब गर्मी से बीमार पड़ने वाले लोगों को डायल 112 की पीआरवी गाड़ियां तत्काल अस्पताल पहुंचाएंगी। जिले में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है ।एसपी सरवणन टी. ने जिले की सभी डायल 112 गाड़ियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। गश्त के दौरान यदि कोई व्यक्ति गर्मी, लू, हीट स्ट्रोक या डिहाइड्रेशन से पीड़ित पाया जाता है, तो पीआरवी टीम उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाएगी। सभी पीआरवी कर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भीषण गर्मी में अक्सर राह चलते लोग चक्कर खाकर गिर जाते हैं या बेहोश हो जाते हैं। समय पर उपचार न मिलने के कारण कई बार स्थिति गंभीर हो जाती है, जिससे जान का जोखिम बढ़ जाता है। एसपी सरवणन टी. के अनुसार, डायल 112 की यह त्वरित सेवा बीमार व्यक्ति को 'गोल्डन आवर' में उपचार सुनिश्चित करेगी, जिससे उसकी जान बचाई जा सकेगी। यह पहल अमेठी के आम नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और बाहर काम करने वाले मजदूरों के लिए बड़ी राहत और जीवनरक्षक साबित होगी ।पुलिस कंट्रोल रूम को भी निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी से बीमार व्यक्ति की सूचना मिलते ही तत्काल नजदीकी पीआरवी को मौके पर भेजा जाए। अमेठी पुलिस की यह मानवीय पहल जनता और पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत करेगी।

# सई नदी में नहाते समय किशोरी समेत 3लड़कियां डूबीं

**एक की मौत, किशोर ने दो बहनों को बचाया; डेढ़ घंटे बाद बरामद हुआ शव**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, लालगंज कोतवाली क्षेत्र के उधरनपुर गांव में सुबह सई नदी में नहाते समय एक किशोरी समेत 3 लड़कियां डूबने लगीं। जिनमें से गांव के एक युवक ने दो को बचा लिया। लेकिन एक किशोरी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की तलाश शुरू की। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को बरामद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दियाउधरनपुर गांव निवासी गरिमा कोरी (17) पुत्री सतीश कोरी, रंजना (20) और काजल (18) पुत्री राजकुमार कोरी सई नदी में नहा रही थीं। उनके साथ गांव का सागर (16) भी नदी में मौजूद था। नहाते समय तीनों लड़कियां अचानक गहरे पानी में डूबने लगीं ।सागर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों बहनें रंजना और काजल को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया। हालांकि, गरिमा नदी में लापता हो गई। सूचना मिलने पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद गरिमा को नदी से बाहर निकाला ।उसे उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में शोक छा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।गरिमा के परिवार में माता-पिता, चार बहनें और एक भाई हैं। गरिमा तीसरे नंबर की थी।

# भाजयुमो ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का पुतला फूंका

**प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में किया प्रदर्शन**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़,भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकताओं ने जिला कार्यालय के सामने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन महोबा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुलिस अधीक्षक महोबा के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की अमर्यादित भाषा उनकी राजनीतिक हताशा को दशार्ती हैउन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सम्मान और विश्वास के प्रतीक हैं, ऐसे में उनके खिलाफ अपशब्द कहना बेहद निंदनीय है। सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति इस तरह की टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखता है, लेकिन किसी भी व्यक्ति या संस्था के सम्मान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने कांग्रेस नेतृत्व से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**मंदिर जाते समय हादसा, पैर फ्रैक्चर; फरार चालक की तलाश जारी**

बागपत, कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में गौरीपुर निवासी चंद्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना शनिवार को तब हुई जब चंद्रपाल गौरीपुर से गुफा वाले मंदिर की ओर जा रहे थे। मंदिर मार्ग पर पहुंचने पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।टक्कर लगने से चंद्रपाल सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने चंद्रपाल के पैर में फ्रैक्चर होने की पुष्टि की है और उनका इलाज जारी है। उनकी हालत पर डॉक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की जानकारी जुटाने का प्रयास किया।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपी वाहन चालक की पहचान की जा सके। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया था। बागपत कोतवाली प्रभारी बिर्जेश कुमार ने बताया कि जल्द ही वाहन और चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### तीतर लड़ाकर सट्टेबाजी, आठ गिरफ्तार

**पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई**

बागपत ,तीतर लड़ाकर सट्टा लगाने के आरोप में आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। बिनौली थाना पुलिस और वन विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए यह गिरफ्तारी की।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 10 तीतर और 11 पिंजरे बरामद किए गए हैं।वन विभाग की टीम ने बरामद सभी तीतरों को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया है।पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। यह मामला बिनौली थाना क्षेत्र का है।अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे तीतरों को आसपास के इलाकों से खरीदते थे या जंगल से पकड़ते थे।इसके बाद उन्हें अलग-अलग पिंजरों में रखकर लड़ाई के समय एक साथ छोड़ते थे, जिस पर हार-जीत की बाजी लगाई जाती थी। बिनौली थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि तीतर लड़ाकर सट्टा लगाने वाले आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो आरोपियों को सजा

**कोर्ट ने 20-20 साल की कैद और 15-15 हजार रुपए लगाया जुर्माना**

बागपत ,बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दो आरोपियों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोनों दोषियों पर 15-15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह मामला 2019 का है। पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज किया था। पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया ।

# गौकशी का आरोपी मुठभेड़ में घायल प्रशासन ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बंथरा के मजरे चंदीपुर में विगत दिवस 25 मई को हुई गौकशी की घटना में प्रशासन तत्काल हरकत में आया अपनी सूझबूझ दिखाते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार ने पुलिस बल के साथ मिलकर जांच पड़ताल करते हुए कुछ ही घंटे में आरोपी को घेर लिया जहां पुलिस प्रशासन तथा आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई तथा पुलिस प्रशासन ने पैर में गोली मारकर अपराधी को घायल कर दिया घायल अपराधी को गिरफ्तार किया गया तथा उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में दो आरोपी शामिल थे जहां एक वांछित अपराधी हाफिज को गिरफ्तार किया गया वहीं दूसरा आरोपी अजमेरी अभी तक



प्रशासन की हाथों से दूर है पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने भी एक वीडियो बयान जारी करते हुए बताया कि गोकशी जैसी घटनाओं में संलिप्त होने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने वांछित अभियुक्त हाफिज पुत्र अफसर अली निवासी चंदीपुर के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 80/ 2026 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया वहीं घायल अभियुक्त के पास अवैध 315 वोर तमंचा एक जिंदा कारतूस 315 बोर एक खोखा कारतूस 315 बोर तमंचे की नाल में फंसा ,एक अदद लोहा का चापड तथा एक लकड़ी का ठीहा बरामद हुआ वहीं थाना प्रभारी ने बताया गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के खिलाफ पूर्व काल में भी थाना जहानाबाद में दो अभियोग पंजीकृत हैं अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## ससुराल पक्ष से आहत युवक ने लगाई फांसी, सुसाइट नोट बरामद

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलखेड़ा गांव में 28 वर्षीय युवक सत्य प्रकाश पुत्र रमेश शंखवार ने ससुराल पक्ष से पीड़ित होकर फांसी लगाते हुए आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार बिगत रात्रि सोमवार प्रातः मंगलवार को युवक ने देर रात्रि घटना को अंजाम दिया जहां सुबह युवक की मां शकुंतला देवी ने नींद खुलने पर दृश्य देखा और चीख पड़ी आनन फानन परिजन मौके पर पहुंचे तथा पुलिस प्रशासन को सूचना दी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रमोद कुमार मौर्य ने घटनास्थल का जायजा लिया जहां घटनास्थल पर मृतक के पास एक सुसाइड नोट भी उपलब्ध हुआ पिता रमेश शंखवार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तथा सुसाइड नोट के आधार पर युवक अपने ससुराल पक्ष के पत्नी की बड़ी बहन बड़ी बहन के पति साली तथा पत्नी रिंकी से पीड़ित था थाना प्रभारी ने तहरीर के आधार पर पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के एक चार वर्ष का बेटा भी है।

## बिंदकी बार एसोसिएशन के चुनाव मतगणना संपन्न

**भारी मतों से विजई हुए अधिवक्ता कल्याण सिंह यादव**

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला

फतेहपुर ,जनपद के बिंदकी बार एसोसिएशन 2026 की चुनाव गणना कल संपन्न हुई जहां अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार अधिवक्ता कल्याण सिंह यादव ने भारी मतों से विजय हासिल की बार एसोसिएशन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कल्याण सिंह यादव ने 142 मत प्राप्त किया जहां अपने प्रतिद्वंदी ज्ञानेंद्र सिंह गौतम को पराजित किया वहीं सचिव पद पर अधिवक्ता प्रतिभा देवी ने 128 मत प्राप्त करते हुए 20 मतों से विजय हासिल की तथा अपने प्रतिद्वंदी अशोक कुमार मिश्रा को पराजित किया ठीक इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमलेश प्रसाद ने 159 मत प्राप्त करते हुए अपने प्रतिद्वंदी शैलेंद्र अग्निहोत्री को भारी मतों से पराजित किया वही कोषाध्यक्ष पद



के प्रत्याशी सुधीर कुमार ने 149 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी ललित कुमार पाण्डेय को भारी मतों से पराजित किया यह जानकारी जैसे ही तहसील परिसर के सभी समर्थक अधिवक्ताओं को मिली तो सभी में खुशी की लहर दौड़ गई मौजूदा अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए प्रसन्नता जाहिर की वहीं सभी विजेता पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई

## टूटा हाई टेंशन लाइन का तार डेढ़ दर्जन वाहन जलकर हुए राख

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के मलवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बरौरा मोड़ के समीप संचालित एक फाइनेंस कंपनी के यार्ड में आग लग गई जिसमें लगभग डेढ़ दर्जन भारी वाहन जलकर राख हो गए मिली जानकारी के अनुसार कंपनी के पीछे किसान सुरेश पटेल का खेत है जहां खेत के ऊपर से जा रही 11000 वोल्ट हाईटेंशन लाइन का तार अचानक गिर जाने से आसपास पड़े कूरा करकट में आग लग गई कुछ ही समय



में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जहां कंपनी के अंदर खड़ी गाड़ियों को भी आगोश में ले लिया कंपनी के अंदर खड़ी पिकअप गाड़ियों में आग लगी वहीं आग ने विकराल रूप धारण कर लिया कुछ ही समय में कंपनी के अंदर खड़े लगभग एक दर्जन से अधिक गाड़ियों तक पहुंच गई सभी ट्रक जलकर खाक हो गए अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई जहां सूचना पर पाकर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कई वाहन लगे रहे कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम तक आग पर काबू पा सके वहीं कंपनी के ठीक बगल में एक पेट्रोल पंप संचालित है यह सूचना मिलते ही पेट्रोल पंप में सतर्कता करते हुए पानी की बौछार इत्यादि व्यवस्था कराई गई जिससे इस दुर्घटना से पेट्रोल पंप बच सका

## दुष्कर्म आरोपी सौतेले पिता को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत नौचंदी पुलिस ने आरोपी को दिलाई सजा, वर्ष 2021 की वारदात**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 10 वर्ष की मासूम से दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दिलाने का काम किया है। आरोपी ने बेटी को घर में अकेला पाकर उसके साथ वारदात की थी, जिसकी जानकारी अगले दिन बेटी ने अपनी मां को दी। महिला अपनी बेटी को लेकर थाने आई और पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। जैसे ही कोर्ट ने सजा सुनाई, आरोपी फफक फफक कर रोने लगा। वारदात वर्ष 2021 की है। नौचंदी थाना क्षेत्र में विनोद अपने परिवार के साथ रहता आ रहा था। विनोद ने दूसरी शादी की थी। जिस महिला से शादी की वह अपने साथ एक बेटी को लेकर आई थी। बताया जाता है कि शुरू से ही विनोद उस बच्ची पर बुरी नजर रखता था। सितंबर, 2021 में सौतेली बेटी को घर में अकेला पाकर विनोद ने गलत काम कर दिया। अगली सुबह मासूम ने अपनी मां को इसके बारे में बताया, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच



गया। पत्नी ने थाने जाकर दर्ज कराई रिपोर्ट मासूम बेटी से पति द्वारा किए गए गलत काम को महिला बर्दाश्त नहीं कर पाई। वह अपनी बेटी को लेकर अगली सुबह ही नौचंदी थाने पहुंच गई और पुलिस को वारदात के बारे में बताया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी विनोद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची लेकिन वह फरार हो गया।

### पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया

सौतेले पिता के द्वारा की गई यह वारदात चचाओं में आ गई। लोग आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस की कई टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई। जल्द ही पुलिस ने विनोद को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### ऑपरेशन कन्विक्शन में चयनित हुआ मुकदमा

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत इस मुकदमे को चिह्नित किया गया। एसपी क्राइम की देखरेख में कोर्ट मोहर्रिर, पैरोकार लोकेश ने मॉनीटरिंग सेल के साथ पूरे मामले की मजबूत पैरवी की और उसे निष्कर्ष तक पहुंचाया। दो दिन पहले मेन पोक्सो कोर्ट ने विनोद को अपराधी घोषित कर दिया।

### 20 साल कठोर कारावास व जुर्माना

पोक्सो कोर्ट ने आरोपी विनोद पुत्र सुंडी मूल निवासी ग्राम बीटा थाना इंचौली को धारा पोक्सो एक्ट में 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा आरोपी पर 5000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। धारा 506 के तहत 7 वर्ष कठोर कारावास व 2000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

## आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं ने निकाला कैंडल मार्च

**पोस्टरों के साथ दी अनु को श्रद्धांजलि, शाम होगी शोक सभा**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, आईआईएमटी में एमबीए छात्रा अनु गुप्ता की मौत के बाद छात्रों का आक्रोश और भावुक माहौल लगातार बना हुआ है। शाम यूनिवर्सिटी परिसर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कैंडल मार्च




निकालकर अनु को श्रद्धांजलि दी। छात्र हाथों में जलती कैंडल लेकर शांतिपूर्वक मार्च करते नजर आए। वहीं कई छात्रों के हाथों में पोस्टर थे, जिन पर लिखा था- अनु गुप्ता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि और तुम्हारी मुस्कान और यादें हमेशा हमारे साथ जीवित रहेंगी। मार्च के दौरान कई छात्र भावुक दिखाई दिए। छात्रों ने कहा कि अनु की मौत ने पूरे कैंपस को झकझोर दिया है। कैंडल मार्च के जरिए छात्रों ने दिवंगत छात्रा को श्रद्धांजलि देने के साथ मामले की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई छात्रा अनु गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद से कैंपस में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठा रहे हैं। इससे पहले भी यूनिवर्सिटी गेट पर देर रात तक धरना-प्रदर्शन हुआ था, जिसमें बाहरी छात्र नेताओं ने भी हिस्सा लिया था। सुबह 10 बजे वीसी डॉ. दीपा शर्मा सीओ सदर देहात सुधीर सिंह ने मौके पर पहुंचे। छात्रों को शांत कराया। इसके बाद छात्र नेताओं व विवि प्रशासन के बीच करीब एक घंटे बात हुई। सुबह 11:30 बजे धरना खत्म कर दिया गया। इसके बाद छात्रा अनु गुप्ता के पिता ने यूनिवर्सिटी मुकदमा दर्ज कराया। फिर शव लेकर सहारनपुर लौट गए, जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## भाजपा विधायक का दावा- विदेशी साजिश है कॉकरोच जनता पार्टी

**नंद किशोर गुर्जर बोले- हिंदू समाज भी बहक गया है**

अमन लेखनी समाचार

लोनी , भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कॉकरोच जनता पार्टी को विदेशी साजिश बताया है। गुर्जर ने कहा- कॉकरोच जनता पार्टी के नाम पर देश का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा। इसके पीछे विदेशी फंडिंग और आतंकवाद से जुड़े लोगों का हाथ है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और हिंदुस्तान के जिहादी सोच रखने वाले इसको फॉलो कर रहे हैं। विपक्षी दलों और विदेशी एजेंसियों की मदद से यह साजिश रची जा रही है। हिंदू समाज के कुछ लोग भी इनके बहकावे में आ गए हैं। नंदकिशोर गुर्जर, गाजियाबाद के लोनी विधानसभा से बीजेपी विधायक हैं। वह 2017 में पहली बार विधायक बने थे। 2022 में दूसरी बार बीजेपी का कमल उन्होंने खिलाया था।

### गृह युद्ध जैसे हालात पैदा करने का प्लान

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा- मुझसे दिल्ली में कल कांग्रेस के एक राष्ट्रीय महासचिव से मुलाकात हुई थी। उन्होंने मुझे बताया कि देश में तीन महीने से माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है। गृह युद्ध जैसे हालात बनाने का प्लान बनाया गया है। जगह-जगह दंगे कराने की योजना है।

### जातियों को आपस में लड़ाने की साजिश रची जा रही

गुर्जर ने दावा किया कि अलग-अलग जातियों में तनाव पैदा करने, लड़ाने की साजिश रची जा रही है। ब्राह्मण, ठाकुर, गुर्जर, कुर्मी को आपस में ये लड़ाना चाहते हैं। ये विपक्षी दलों और जिहादियों की सोच का हिस्सा है। पूर्व में



सम्राट मिहिर भोज के नाम पर क्या हुआ ये सभी ने देखा है। उस समय हवाला की फंडिंग का भी पता चला था। समाजवादी पार्टी तब दंगा कराना चाहती थी लेकिन कामयाब नहीं हो पाई थी। विपक्षी दल जानबूझकर कॉकरोच पार्टी का समर्थन कर रहेउन्होंने कहा- विपक्षी पार्टियां देश में अस्थिरता पैदा करना चाहती हैं। इसलिए अब ये अब कॉकरोच जनता पार्टी के नाम पर युवाओं को आगे कर माहौल खराब करना चाहती हैं। विपक्षी दल इसका समर्थन कर रहे हैं। वे अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। उनकी साजिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी। पाकिस्तान, बांग्लादेश और हिंदुस्तान में जिहादी सोच रखने वाले कॉकरोच जनता पार्टी को फॉलो कर रहे हैं। जिससे इसके फॉलोअर्स की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। हिंदू समाज के कुछ लोग भी इससे जुड़े हैं। ये एक षड्यंत्र हैं। इस पर रोक लगानी चाहिए।सीएम को कार्रवाई के लिए लेटर लिखूंगागुर्जर ने कहा कि साजिश रचने वालों पर कार्रवाई के लिए वे सीएम योगी को लेटर लिखेंगे। देश के कुछ युवा इनके बहकावे में आ गए हैं। वे लोग कह रहे हैं कि वे कॉकरोच जनता पार्टी ज्वाइन करेंगे। ऐसा न करें। मोदी जी साजिश को कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

# अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वालें 7 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अवैध हथियारों का बड़ा नेटवर्क ध्वस्त, तमंचे और नकदी बरामद**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , मुंडाली थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ द्वारा चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण और अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत की गई है। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 23 मई 2026 को चेकिंग के दौरान इन आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से एक पिस्टल .32 बोर, दो जिंदा कारतूस .32 बोर, छह तमंचे 315 बोर, छह जिंदा कारतूस 315 बोर और आठ खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने 12,200 रुपये नकद और दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं, जिनमें से एक बिना नंबर की है गिरफ्तार किए




गए आरोपियों की पहचान सदाकत (निवासी जिसौरी, मुंडाली), निखिल उर्फ साहिल (निवासी शाफियाबाद लौटी, मुंडाली), अभिषेक उर्फ गुड्डू (निवासी मतनौरा, बाबूगढ़, हापुड़), निशांत (निवासी शाफियाबाद लौटी, मुंडाली), पीयूष (निवासी अटौला, मुंडाली), निशांत उर्फ कसान उर्फ सिवान (निवासी श्यामपुर, हापुड़ देहात) और अनमोल त्यागी उर्फ यश त्यागी (निवासी अतराडा, खरखौदा, मेरठ) के रूप में हुई है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्र के साथ उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह जादौन, शिवदत्त मिश्र, वेदप्रकाश, संजय राठौर, रामप्रताप सिंह, अनिल कुमार, अर्पित गौतम, पूरनलाल, हेड कांस्टेबल मोनेन्द्र सिंह, मनेन्द्र सिंह, मनवीर सिंह, रजनीश कुमार, कांस्टेबल तेजपाल सिंह और रिक्रूट कांस्टेबल अभिजीत शामिल थे। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी किठौर के निर्देश पर अवैध हथियारों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा।

## ग्रेटर नोएडा में बच्चे का शव मिला

**तीन दिन से लापता था, सिर पर चोट के निशान, मौत के कारणों का नहीं चला पता**

अमन लेखनी समाचार

जेवर , ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में तीन दिन से लापता 15 वर्षीय किशोर का शव सुबह एक कमरे से बरामद हुआ। किशोर के सिर पर गहरे चोट के निशान मिले हैं और कमरे में काफी मात्रा में खून फैला था। परिजनों ने



हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। बनवारी बांस गांव निवासी रवि भूषण उर्फ बंटी का बेटा गोपाल 21 मई से लापता था। परिवार ने पहले अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर जेवर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुलिस भी किशोर की तलाश में जुटी हुई थी शनिवार सुबह परिजनों को सूचना मिली कि पास के गांव रोही में एक खाली कमरे के अंदर एक किशोर का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने शव की पहचान गोपाल के रूप में की। मृतक गोपाल के सिर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। परिजनों ने आरोप लगाया है कि गोपाल की बेरहमी से हत्या की गई है।

## साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**फर्जी कंपनियां बनाकर पैसे ट्रांसफर करते थे, खाते की जांच में लेनदेन का पता चला**

अमन लेखनी समाचार

नोएडामें ,साइबर अपराध थाना पुलिस ने फर्जी कंपनियां बनाकर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को सेक्टर-44 क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच मोबाइल फोन, 2800 रुपये नकद, एक मोहर और कई जरूरी दस्तावेज बरामद किए हैं। फर्जी कंपनियों के नाम पर खुलवाते थे खाते पुलिस उपायुक्त साइबर शैव्या गोयलने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अविनाश झा, हिमांशु कुमार और जितेंद्र दहिया उर्फ आशू के रूप में हुई है। तीनों दिल्ली के रहने वाले हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी कंपनियां बनाते थे और उन्हीं के नाम पर अलग-अलग बैंकों में चालू खाते खुलवाते थे। इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से आए पैसों को जमा करने और दूसरी जगह भेजने में किया जाता था, ताकि रकम को वैध दिखाया जा सके। खातों में करोड़ों रुपये का लेनदेन जांच के दौरान पुलिस को इन खातों में करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन मिले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से इस काम में शामिल थे और ठगी के पैसों को कई खातों में घुमाकर छिपाने का काम करते थे। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ कर्नाटक जम्मू कश्मीर और पंजाब समेत कई राज्यों में साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतें दर्ज हैं। 12वीं तक पढ़े हैं आरोपी पुलिस के मुताबिक अविनाश गिरोह का सबसे बड़ा सदस्य है और उसकी उम्र 29 साल है। हिमांशु 26 और




जितेंद्र 27 वर्ष का है। तीनों 12वीं तक पढ़े हुए हैं और पिछले कई महीनों से इस फजीर्वाड़े में शामिल थे।

## एसएससी ऑनलाइन एग्जाम में नकल कराने वाले 7 अरेस्ट

**ग्रेटर नोएडा में सेंटर बनाया था; सिस्टम हैक कर प्रॉक्सी सर्वर से पेपर सॉल्व करते थे**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , यूपी एसटीएफ ने कर्मचारी चयन आयोग की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। नोएडा एसटीएफ यूनिट ने रात नॉलेज पार्क स्थित बालाजी डिजिटल जोन परीक्षा केंद्र पर छापा मारा। मौके से गैंग के मास्टरमाइंड समेत 7 आरोपियों को दबोचा गया। इनमें एक अभ्यर्थी भी है। एसटीएफ के मुताबिक, आरोपी कांस्टेबल और असम राइफल्स की राइफलमैन भर्ती परीक्षा- 2026 में प्रॉक्सी सर्वर से नकल करा रहे थे। यह गिरोह ऑनलाइन परीक्षा सिस्टम को हैक नहीं करता था, बल्कि कंपनी के सर्वर को बायपास करके प्रॉक्सी सर्वर




लगाता था। फिर स्क्रीन शेयरिंग एप्लिकेशन से बाहर बैठे सॉल्वर से पेपर हल करा लेते थे। पुलिस जांच में यह भी पता चला कि मुख्य आरोपी प्रदीप चौहान लंबे समय से इस धंधे में शामिल था। उसने बालाजी डिजिटल जोन नाम से परीक्षा केंद्र बनाया हुआ था। इनके कब्जे से 50 लाख रुपए कैश, लैपटॉप, मोबाइल, राउटर और कई अभ्यर्थियों की लिस्ट मिली है। सभी आरोपी यूपी के रहने वाले हैं।

### सेंटर संचालक निकला मास्टरमाइंड

मुख्य आरोपी प्रदीप चौहान ने बताया- ग्रेटर नोएडा में वह बालाजी डिजिटल जोन परीक्षा केंद्र चलाता है। उसने मेरठ कॉलेज से एमकॉम किया है और लंबे समय से ऑनलाइन परीक्षाओं में धांधली करा रहा था। उसकी मुलाकात बागपत निवासी अमित राणा से हुई थी, जिसने परीक्षा केंद्र के सर्वर को बायपास कर बाहर से पेपर सॉल्व कराने की तकनीक विकसित की।

# भीषण गर्मी को देखते हुए निशुल्क शीतल आरो वाटर प्लांट प्याऊ का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



मैहर - मैहर माई की रसोई के संचालक पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज पाण्डेय जी के सुपुत्र सौरज पाण्डेय ने इस भीषण गर्मी को देखते हुए मां शारदा देवी मंदिर रोड पर मां शारदा यात्री निवास के सामने अपनी निजी भूमि पर आने वाले दर्शनार्थियों श्रद्धालुओं आम जन मानस के लिए निशुल्क शीतल आरो वाटर प्लांट प्याऊ का विधिवत पूजा पाठ करते हुए फीता काटकर प्याऊ का किया उद्घाटन ( शुभारंभ ) आज फिर मानवता की मिसाल पेश किया मैहर शहर में पहले से ही सौरज पांडेय द्वारा मैहर सिविल अस्पताल गेट के सामने और सरला नगर रोड पुरानी कचेहरी के सामने जहा पर दूर दराज से लोगों का आना जाना लगा रहता है इन जगहों पर शीतल आरो वाटर प्याऊ खुलवाकर शीतल आरो वाटर की व्यवस्था कर आम जन के लिए पीने के ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था करते हुए कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। हमारा परिवार वर्षो से माई की सेवा में लगा है। साथ ही हम सब मिलकर माई की रसोई का संचालन भी इस उद्देश्य से करते है कि माई के शहर में कोई भूखा न सोए। आने वाले दर्शनार्थियों को रुकने ठहरने से लेकर भोजन प्रसाद आदि की दिक्कत न हो।सौरज ने बताया कि माई की रसोई में विगत सात वर्षों से भोजन और ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था निर्विघ्न संचालित है।उन्होंने कहा कि इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है इसे दृष्टिगत रखते हुए हमने हमारी संस्था ने यह निर्णय लिया है कि हम शहर के विभिन्न हिस्सों में प्याऊ खोलकर आम जन को राहत पहुंचाने का कार्य करेंगे जिसके तहत हमने आज शीतल आरो वाटर प्लांट का शुभारंभ किया है जिसके चलते निर्विघ्न सुचारू रूप से हमारे सभी प्याऊ पर शीतल जल उपलब्ध हो सके।सौरज ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा सदमार्ग है और उनकी सेवा मेरा संकल्प है जिसे मैं अनवरत जारी रखुंगा।

# बकरीद पर्व को लेकर ककरवई पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

ककरवई। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना ककरवई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कचीर एवं सिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस ने पैदल गश्त कर ग्रामीणों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल गांव के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से होकर गुजरा तथा लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। थानाध्यक्ष ककरवई योगेंद्र सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाएं एवं किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था न बिगड़ने दे। थानाध्यक्ष ने ग्राम कचीर स्थित नूरानी मस्जिद पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ऐसे लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसआई विजय शंकर मिश्र, एसआई अंकुर राणा, एसआई रणवीर सिंह सहित थाना ककरवई का समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# लोकल छुट्टी के दिन भी अफसर रहे सक्रिय, डीएम-एसएसपी ने सुनी जन शिकायतें

**कार्यालयों में बैठकर पीड़ितों की समस्याओं का किया निस्तारण, अधिकारियों ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। आमतौर पर लोकल अवकाश के दिन सरकारी कार्यालयों में सन्नाटा देखने को मिलता है, लेकिन गोरखपुर में इसका एक अलग ही उदाहरण देखने को मिला। जिले के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी छुट्टी के बावजूद अपने-अपने कार्यालयों में मौजूद रहे और दूर-दराज से आए पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने न केवल जन शिकायतें सुनीं, बल्कि संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित और प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी दीपक मीणा सुबह से ही कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में मौजूद रहे।यहां विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। किसी ने राजस्व संबंधी विवाद की शिकायत की, तो किसी ने भूमि कब्जे, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, सड़क और जल निकासी जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी। डीएम ने प्रत्येक फरियादी की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दीपक मीणा ने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से न्याय मिले, और इसके लिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ भी अपने कार्यालय में मौजूद रहे और पुलिस से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से सुना। उनके पास पहुंचे लोगों ने जमीन विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, गुमशुदगी और अन्य आपराधिक मामलों से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। एसएसपी ने संबंधित थानाध्यक्षों और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई की जाए तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने में कोई कोताही न बरती जाए। एसएसपी डॉ. कोस्तुभ ने कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वह आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करे और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों की जांच निष्पक्ष रूप से की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

खास समाचार

## बाबा बदेवरानाथ के प्रांगण में फल वितरण, श्रद्धालुओं ने लिया महाप्रसाद

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर ।जिगना श्रावण एवं पुरुषोत्तम मास के पवित्र अवसर पर बाबा बदेवरानाथ के प्रांगण में महादेव सेवा समिति द्वारा फल वितरण का आयोजन किया गया।यह परंपरा विगत कई वर्षों से जारी है और इस वर्ष भी प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में फल वितरित किए गए। मुख्य आयोजक रोहित सिंह (सोनू) बन्हैता, पवन सिंह, (एडवोकेट बृजेश मिश्रा), नीरज मिश्रा , रोहित सिंह और शेखर सिंह ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया।महादेव के भक्तों की सहभागिता से कार्यक्रम में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। छानबे क्षेत्र के जिगना थाना अंतर्गत मिजार्पुर जिले में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सेवा और भाईचारे की भावना को बढ़ाते हैं। महादेव सेवा समिति समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम करती रहती है, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और श्रद्धा बनी रहती है।

## सफाई कर्मचारियों को भेंट वस्तु वितरण

अमन लेखनी समाचार



मुंबईः घाटकोपर विद्याविहार भारतीय जनता पार्टी वार्ड क्रमांक 130 के नगरसेवक और समाजसेवी धर्मेश गिरी के जन्मदिन के अवसर पर मनपा सफाई कर्मचारियों को भेंट वस्तु का वितरण किया गया। इस मौके पर सफाई कर्मचारियों ने नगरसेवक धर्मेश गिरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।इसी तरह शाम 7 बजे विद्याविहार जॉली जिमखाना में धर्मेश गिरि का जन्मदिन बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## बकरीद पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परतावल चौक व मऊपाकड़ चौराहा क्षेत्र में किया पैदल गश्त

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज,आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा परतावल चौक थाना श्यामदेउरवा तथा मऊ पाकड़ चौराहा महराजगंज पर भ्रमण करते हुए पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त किया गया। इस दौरान महोदय द्वारा बाजार, सार्वजनिक स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।साथ ही आमजन एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित कर आपसी सौहार्द, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए जनपदवासियों को सुरक्षा का संदेश दिया।जनपद पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।

# चकाडोरी सरकार में श्रीराम महायज्ञ के दौरान भक्त प्रहलाद कथा का हुआ भावपूर्ण वर्णन

अमन लेखनी समाचार



ककरवई। समीपस्थ सिद्धपीठ चकाडोरी सरकार पर चल रहे श्रीराम महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भागवताचार्य पंडित रमाकांत व्यास जी महाराज ने भक्त प्रहलाद की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।उन्होंने कहा कि भक्त प्रहलाद ने मात्र पांच वर्ष की आयु में अपनी अटूट भक्ति से भगवान को प्राप्त कर लिया था। जो भक्त सच्चे मन से ईश्वर का स्मरण करते हैं, भगवान सदैव उनकी रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्त का अपमान सहन नहीं करते। भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए भगवान श्रीहरि ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध किया और भक्त प्रहलाद की भक्ति अमर हो गई। कथा के दौरान गजेंद्र मोक्ष एवं समुद्र मंथन प्रसंग का भी वर्णन किया गया। इसके उपरांत भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। अयोध्या से पधारे संत रामशरण दास जी ने भगवान राम जन्म की कथा सुनाई।यज्ञाचार्य धनंजय दास तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ यजमानों से हवन कुंड में आहुतियां डलवाईं। कथा की आरती परीक्षित अंजुलता एवं हरिशंकर तिवारी द्वारा की गई। इस अवसर पर महंत राकेश दास जी महाराज, यज्ञ के मुख्य यजमान रमाकांत मिश्रा, महेश चंद्र बिदुआ, किसान नेता गौरीशंकर बिदुआ, भाजपा नेता रामजी परिहार, ओमप्रकाश मिश्रा, डॉ. एलआर मिश्रा, सुरेश मिश्रा, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, विकास तिवारी, अवधेश निरंजन, रामानंद तिवारी, डॉ. विजय भारद्वाज, श्रीप्रकाश द्विवेदी, हरीसिंह यादव, एडवोकेट दीपेंद्र परिहार, हेमंत यादव, अरविंद्र गुप्ता, श्याम सिंह यादव, बद्री प्रसाद त्रिपाठी, मनीष दाऊ, शिवप्रताप बुंदेला, जयपाल सिंह चौहान, नगरपालिका अध्यक्ष गुरसराय दिनेश अग्रवाल, रामकुमार उपाध्याय, शीतल प्रसाद मिश्रा, छत्रपाल सिंह परमार, विश्वनाथ यादव, लला यादव कचीर, गिरजानंदन दीक्षित, मुकेश तिवारी, चतुर सिंह यादव, पीतम यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# डायरिया रोको अभियान में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार महिला आरोग्य समितियां

**खेल-खेल में मिला शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से बचाव का संदेश**

**पानी जैसी पतली दस्त होने पर बच्चे को जरूर दें ओआरएस : डॉ. सुकृति गुप्ता**

अमन लेखनी समाचार



कानपुर, प्रदेश में अगले महीने से शुरू होने वाले डायरिया रोको अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अभी से बड़े पैमाने पर तैयारी शुरू कर दी है इसी क्रम में जनपद में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और केनव्यू के सहयोग से मंगलवार को डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत शहर के नगरीय स्वास्थ्य केंद्र रावतपुर की चिकित्साधिकारी डॉ. सुकृति गुप्ता की अध्यक्षता में महिला आरोग्य समिति की सदस्यों का अभिमुखीकरण किया गया इसमें समिति के अध्यक्षों, सचिवों और सदस्यों से डायरिया रोको अभियान को सफल बनाने की अपील के साथ ही बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के जरूरी टिप्स भी दिए गए बैठक के दौरान डायरिया ग्रसित बच्चों की सही देखभाल और ओआरएस व जिंक की निर्धारित खुराक देने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। कानपुर के राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. कैलाश चंद्रा ने बताया कि शहर में विभिन्न नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पीएसआई इंडिया के सहयोग से अभी तक 200 महिला आरोग्य समितियों के अध्यक्षों, सचिवों और सदस्यों को डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया है इसके अलावा लूडो खेल के माध्यम से रोचक अंदाज में डायरिया से बचाव के तरीकों, साफ-सफाई और बच्चों की देखभाल आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया है यह भी बताया गया कि बच्चों की सही देखभाल के साथ स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा जाए तो वह डायरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित बने रह सकते हैं डायरिया की स्थिति में नजदीकी आशा कार्यकर्ता से संपर्क करना चाहिए उन्होंने कहा कि अगर बच्चे को दो या तीन से अधिक बार पानी जैसी पतली दस्त आए तो बच्चे को आशा कार्यकर्ता द्वारा दी जाने वाली जिंक की गोली और ओआरएस का सेवन बताई गयी मात्रा के अनुसार ही कराएं जिससे बच्चे के शरीर में पानी की कमी न होने पाए बैठक के दौरान पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) से राम कुमार तिवारी, अन्नू अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# के. रवि (दादा) ने अभिनेता . प्रेम चोपड़ा को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के लिए कदम उठाया

अमन लेखनी समाचार



मुंबईःआज की भागदौड़ और चमक-दमक भरी दुनिया में अक्सर कहा जाता है कि इंसानियत कहीं खोती जा रही है।खासकर फिल्म इंडस्ट्री में, जहाँ सफलता, प्रसिद्धि और व्यस्तता के बीच मानवीय भावनाएँ कई बार पीछे छूट जाती हैं।लेकिन ऐसे माहौल में भी कुछ लोग अपने व्यवहार और संवेदनशीलता से समाज के सामने इंसानियत की मिसाल पेश करते हैं। ऐसी ही एक भावुक और प्रेरणादायक मुलाकात हाल ही में देखने को मिली, जब सामाजिक कार्यकर्ता और जनसंपर्क क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तित्व के . रवि ( दादा ) ने वरिष्ठ अभिनेता से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। ह्लप्रेम नाम है मेराङ्घ प्रेम चोपड़ाङ्घह्व यह संवाद आज भी भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार पहचान माना जाता है। कई दशकों तक अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले प्रेम चोपड़ा ने खलनायक की भूमिकाओं में भी अपनी अलग शैली से लोगों का प्यार हासिल किया। लेकिन समय के साथ उम्र बढ़ी, स्वास्थ्य कमजोर हुआ और कभी जिनके घर के बाहर भीड़ लगी रहती थी, वह वक्त के साथ-साथ कम दिखाई देने लगी। सबसे दुखद बात यह रही कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री आपके आसपास होने के बावजूद आपसे मिलने और आपका हाल पूछने बहुत कम लोग आगे आते है । वरिष्ठ कलाकारों की देखभाल करना, उनके अनुभवों का सम्मान करना और उन्हें मानसिक सहारा देना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है।ऐसे समय में के . रवि ( दादा ) ने आगे बढ़कर प्रेम चोपड़ा से मुलाकात की और उनकी सेहत, मानसिक स्थिति और जीवन से जुड़ी भावनाओं को समझने का प्रयास किया। इस दौरान के . रवि ( दादा ) ने अपनी आगामी शॉर्ट फिल्म ह्ल २ रेवंती ह्ल के बारे में भी जानकारी दी।

# स्व. बाल कृष्ण बजाज की 19वीं पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन

**श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब, पत्रकारों व सामाजिक संगठनों ने किया स्मरण**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। शहर के शास्त्री चौक स्थित जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सामने स्वर्गीय बाल कृष्ण बजाज की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सुपुत्र दुर्गेश बजाज एवं अंकित बजाज के सौजन्य से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, श्रमजीवी संगठन के सदस्य एवं आमजन उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय बजाज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह श्रद्धा और भावनाओं से ओतप्रोत रहा। जैसे ही श्रद्धांजलि अर्पित करने का क्रम शुरू हुआ, वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। स्वर्गीय बाल कृष्ण बजाज के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ पत्रकारों और उनके सहयोगियों ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा कि वे न केवल एक कर्मठ और समर्पित व्यक्ति थे, बल्कि एक बेहद मिलनसार और सहज स्वभाव के इंसान भी थे। जो भी उनसे एक बार मिलता, उनका प्रशंसक बन जाता था। स्वर्गीय बाल कृष्ण बजाज का जीवन सेवा, समर्पण और सादगी का प्रतीक रहा। वे ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के व्यक्तिगत सहायक के रूप में लंबे समय तक जुड़े रहे और पूरी निष्ठा से अपनी सेवाएं दीं। उनके कार्यों की ईमानदारी और लगन की चर्चा आज भी लोगों के बीच होती है। बाद के वर्षों में उन्होंने प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भी कार्य किया और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय बजाज ने अपने जीवन में जो आदर्श स्थापित किए, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने हमेशा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा और हर परिस्थिति में लोगों की मदद के लिए तत्पर रहे। उनकी कार्यशैली और व्यवहार ने उन्हें समाज के हर वर्ग में सम्मान दिलाया। इस अवसर पर उनके पुत्र दुर्गेश बजाज और अंकित बजाज ने कहा कि उनके पिता का जीवन उनके लिए मार्गदर्शन का स्रोत है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से वे अपने पिता की स्मृतियों को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं। भंडारे का आयोजन भी उसी कड़ी का हिस्सा है, जहां अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर उनके आदर्शों को आगे बढ़ाया जा सके। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक जारी रही। आयोजन में शामिल लोगों ने न केवल प्रसाद ग्रहण किया, बल्कि स्वर्गीय बजाज के जीवन से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए उन्हें याद किया। वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि स्वर्गीय बाल कृष्ण बजाज का पत्रकारिता जगत से भी गहरा जुड़ाव रहा। वे हमेशा पत्रकारों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते थे और हर संभव सहयोग करते थे। यही कारण है कि आज भी पत्रकार समुदाय में उनकी विशेष पहचान और सम्मान बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और स्वर्गीय बजाज को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया था।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने को लेकर आंदोलन ,सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




नाशिक , छत्रपति शिवाजी महाराज मुस्लिम ब्रिगेड की ओर से जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया तथा जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति, भारत सरकार को भी ज्ञापन भेजा गया। संगठन के अध्यक्ष अजीत पठान ने बताया कि वास्तव में पिछले दस वर्षों से पूरे भारत देश में गोहत्या के नाम पर अनेक नागरिकों की हत्याएं की गई हैं। गोवंश परिवहन के नाम पर कई वाहनों को लूटा गया तथा अनेक नागरिकों के साथ मारपीट की गई। कभी रेलवे में, कभी बस में, यहां तक कि कोई भोजन कर रहा हो तो उस पर भी हमला किए जाने की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि देश में कुछ जातिवादी शक्तियों द्वारा गाय के नाम पर धार्मिक द्वेष फैलाकर विभिन्न धर्मों के बीच तनाव उत्पन्न करने का प्रयास किया गया है। इसलिए आज समय की मांग है कि पूरे भारत में गाय को संरक्षण देने के उद्देश्य से उसे राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। देश के कुछ राज्यों में गोहत्या पर प्रतिबंध है, जबकि कुछ राज्यों में ऐसा प्रतिबंध नहीं है। इससे खेती के लिए उपयोगी गायों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इसी कारण छत्रपति शिवाजी मुस्लिम ब्रिगेड की ओर से राष्ट्रपति महोदय से मांग की गई है कि यदि पूरे देश में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है, तो एक समान कानून के माध्यम से सभी समस्याओं का समाधान संभव होगा। इसलिए सरकार से मांग की जाती है कि यह निर्णय जल्द से जल्द लिया जाए, अन्यथा संगठन की ओर से व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन में संगठन के अध्यक्ष अजित पठाण, मुख्तार शेख, माजिद पठाण, धोरण महाराज, परमेश्वर महाराज, हाजी रफीक दूधवाले, शफीक काजी, अमजद शेख, फैज शेख, रईस अत्तार, शाम गायकवाड, बबलू शेख, सलीम खान, रफीक साबीर, नदी मणियार, मोहसीन शेख आदि उपस्थित थे।

# थाना पहाड़ी पुलिस द्वारा 06 जुआरियों को मालफड़ सहित गिरफ्तार किया गया



अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी निशिकान्त राय के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी कौहारी उ0नि0 श्यामदेव सिंह व उनकी टीम द्वारा 06 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। थाना पहाड़ी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 01.दिनेश मिश्रा पुत्र देवराज 02.बच्चा कुमार रैकवार पुत्र रामखेलावन 03. शिवशरण निषाद पुत्र कमलेश 04.बबलू उर्फ देवकुमार यादव पुत्र छेदीलाल 05. अवधेश गर पुत्र रामेश्वर 06. बाबू यादव पुत्र छेदीलाल निवासीगण ग्राम मकरी पहरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से 620/- रूपए व 52 अदद तास पत्ता, जामा तलाशी से 310/- रुपए बरामद किए गए।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।


**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



# वेलकम टू द जंगल का नया गाना घिस-घिस...

मुंबई। अक्षय कुमार अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच फिल्म का नया गाना 'घिस घिस घिस' रिलीज हुआ है। नए गाने में देखा जा सकता है कि अक्षय भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह के साथ डांस कर रहे हैं। वह शॉर्ट कुर्ता और पजामा में हैं। उनके बाल बड़े हैं और उन्होंने हल्की दाढ़ी रखी है। वहीं अक्षरा सिंह साड़ी में नजर आ रही हैं। गाना भोजपुरी अंदाज में फिल्माया गया है। गाने के बोल भी भोजपुरी में हैं। अक्षय कुमार और अक्षरा सिंह ने गाने पर शानदार डांस किया है। गाने के बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। इसे विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने आवाज दी है।



## लाइफ Style

# अनन्या

## चांद मेरा दिल में भरतनाट्यम पर छिड़ी बहस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे की हालिया फिल्म 'चांद मेरा दिल' के एक डांस सीक्वेंस ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, लेकिन शायद उन कारणों से नहीं जिनकी फिल्ममेकर्स ने उम्मीद की होगी। 22 मई को रिलीज हुई फिल्म की एक छोटी क्लिप तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे मीम्स, आलोचनाओं और भरतनाट्यम को लेकर अलग-अलग राय की बाढ़ आ गई।


लोग कह रहे हैं कि अनन्या ने क्लासिकल डांस के साथ ये क्या कर दिया है। फिल्म में अनन्या पांडे चांदनी का किरदार निभा रही हैं, जो इंजीनियरिंग की स्टूडेंट होने के साथ-साथ भरतनाट्यम डांसर भी हैं। इस सीक्वेंस में उन्हें एक डांस करते हुए दिखाया गया है जो देखकर लक्ष्य इंप्रेस हो जाते हैं। जहां कुछ दर्शकों ने इस डांस की तारीफ की, वहीं कई ऑनलाइन यूजर्स ने इसकी कड़ी आलोचना की। यह चर्चा तब और बढ़ गई जब एक यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह डांस शेयर करते हुए लिखा, 'भरतनाट्यम 200 एडी में ही पतन की ओर चला गया और अनन्या पांडे के साथ 2026 में इसका अंत हो गया।' कई लोगों ने क्लासिकल डांस की मुद्राओं पर भी सवाल उठाया। एक ने लिखा- हमारी संस्कृति का अपमान है ये, मुद्राओं को रोबोटिक कर दिया है। पोस्ट तेजी से वायरल हो गई और लोगों के रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई। एक ने कमेंट किया- भरतनाट्यम का विकास हो गया है। दूसरे ने लिखा- वे अनन्या पांडे के डांस करने की क्षमता को छिपाने की इतनी कोशिश कर रहे हैं कि अब तो यह बहुत शर्मनाक लगता है। एक यूजर ने मजाक में कहा- क्या कोई उस हीरो की नब्ज चेक कर सकता है? आलोचना यहीं नहीं रुकी।

## हॉलीवुड मसाला



# फिर से लौट रहा हाउस ऑफ द ड्रैगन...

लॉस एंजिल्स। एचबीओ मैक्स ने एक टीजर वीडियो के जरिए प्लेटफॉर्म ने अपने बड़े प्रोजेक्ट्स की झलक दिखाई, जिसमें पुराने हिट शोज की वापसी, नई फ्रेंचाइज और कई दिलचस्प ओरिजिनल कंटेंट शामिल हैं। यह साफ है कि एचबीओ मैक्स आने वाले साल में बड़े पैमाने पर एंटरटेनमेंट देने की तैयारी में है। सबसे बड़ी खबर हाउस ऑफ द ड्रैगन के तीसरे सीजन की है, जो 21 जून को रिलीज होगा। इस सीजन में टार्गेरियन परिवार की सत्ता की लड़ाई और भी तेज होती दिखाई देगी, जो पहले से ही दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है।



# जेम्स बॉन्ड के दौड़ में कभी था ही नहीं : एल्बा

लॉस एंजिल्स। मशहूर जासूस जेम्स बॉन्ड पर बनी फिल्मों में अब तक कई अभिनेताओं ने मुख्य किरदार निभाया है। अब बॉन्ड पर बन रही अगली फिल्म में मुख्य किरदार की कास्टिंग को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं। शुरुआत में खबर सामने आई कि इस फिल्म में भी जेम्स बॉन्ड का किरदार डेनियल क्रेग ही करेंगे, पर उन्होंने इससे इंकार कर दिया। फिर सुनने में आया कि लूथर, हैड ऑफ स्टेट और थॉर जैसी फिल्मों में काम कर चुके इदरीस एल्बा को बॉन्ड का रोल ऑफर हुआ है। अब इस बारे में उन्होंने बयान जारी कर सफाई दी है। एक इवेंट के दौरान एल्बा ने भी इन अफवाहों पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसी किसी फिल्म का हिस्सा नहीं हूं। टीम युवा कलाकारों को खोज रहे हैं। मेरी तरफ से इस प्रोजेक्ट को ढेर सारी शुभकामनाएं।



# करिश्मा ने पुलिसिया अंदाज में की वापसी

मुंबई। अभिनेत्री करिश्मा कपूर आखिरी बार 2024 में 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थी। एक समय अपने रोमांटिक किरदारों के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस अब 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। इस वेबसीरीज का टीजर भी रिलीज हो चुका है। जिससे एक्ट्रेस के फैंस काफी खुश हैं। वेब सीरीज 'ब्रउन' में अभिनेत्री करिश्मा कपूर पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी। टीजर के मुताबिक वह रीटा ब्राउन का किरदार निभाएंगी। जो एक ईमानदार पुलिस अधिकारी है। इसके साथ ही वह एक बहुत ही गंभीर केस की जांच कर रही है। अपने व्यक्तिगत जीवन में वह कई समस्याओं से जूझ रही है। मगर वह अपने फर्ज को शिद्दत से निभाती है। वेब सीरीज 'ब्राउन' की कहानी मुख्य रूप से उपन्यास 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित है। जिसे 2016 में अभेक बरुआ ने लिखा था।



# कॉकटेल-2 का गाना तुझको रिलीज...

मुंबई। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'कॉकटेल 2' का नया गाना 'तुझको' सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। यह एक सोलफुल और भावुक रोमांटिक ट्रैक है जो रिलीज होते ही लोगों के दिलों में उतरता दिख रहा है। रश्मिका मंदाना ने गाने को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'बहुत सारे प्यार और भावनाओं से भरा यह खूबसूरत गाना दिल को छू लेने वाला है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे यह गाना बेहद पसंद आया और उम्मीद है कि आप सभी को भी यह उतना ही पसंद आएगा।' 'कॉकटेल 2' के इस गाने में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की फ्रेस केमिस्ट्री देखने को मिलती है। स्क्रीन पर दोनों की केमिस्ट्री बेहद सहज, सुंदर और प्रभावशाली नजर आ रही है।

## टीवी मसाला



# असली भाई थे महाभारत के नकुल और सहदेव...

नई दिल्ली। 'महाभारत' न केवल अपनी कहानी कहने की कला के लिए, बल्कि असल जिंदगी के भाइयों समीर चित्रे और संजीव चित्रे को नकुल और सहदेव के रूप में कास्ट करने के लिए भी जाना जाता है, जो शो में अहम किरदार थे। बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' भारतीय टेलीविजन इतिहास के सबसे बड़े शोज में से एक है। इस शो में नकुल और सहदेव सबसे छोटे पांडव भाई थे और उन्हें बहुत करीबी दिखाया गया था। कम ही लोग जानते हैं कि इन किरदारों को निभाने वाले एक्टर समीर चित्रे (नकुल) और संजीव चित्रे (सहदेव) असल जिंदगी में भी भाई हैं। पर्दे पर उनका रिश्ता पर्दे के बाहर उनके असली रिश्ते से उपजा था, जिससे उनके सीन्स और भी अधिक सच लगते थे। संजीव ने एक बार बताया कि उनकी कास्टिंग एक सिंपल, लेकिन दिलचस्प तरीके से हुई थी। 'महाभारत' के मेकर्स ने पहले नकुल के रोल के लिए समीर चित्रे से संपर्क किया और फिर उनसे पूछा कि क्या उनके छोटे भाई को भी अभिनय में रुचि होगी। परिवार से सहमति मिलने और संजीव से मिलने के बाद, उन्होंने दोनों भाइयों को नकुल और सहदेव के रोल में कास्ट करने का फैसला किया। 'महाभारत' के बाद, समीर चित्रे ने कुछ हिंदी फिल्मों में काम किया। उन्हें आमिर खान और पूजा भट्ट की हिट फिल्म दिल है कि मानता नहीं (1991) के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। वह शाहरुख खान और जूही चावला की फिल्म राजू बन गया जेंटलमैन (1992) में भी दिखाई दिए।

## बेहद फिल्मी है कांची की लव स्टोरी

नई दिल्ली। कांची कौल की गिनती टीवी की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में होती है। उन्होंने अपने दमदार एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में अलग जगह बनाई है। कांची तेलुगु सिनेमा की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई बेहतरनी फिल्मों में काम किया है। कांची की पहली मुलाकात साल 2007 में टीवी शो भाभी के सेट पर शब्बीर से हुई थी, लेकिन उस वक्त दोनों के बीच ज्यादा बातचीत नहीं हुई। बाद में कांची की शब्बीर से पहली मुलाकात टीवी क्वीन एकता कपूर ने करवाई थी। शुरुआत दोस्ती से हुई, लेकिन धीरे-धीरे दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा और उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। हालांकि, उन्होंने अपने रिश्ते को काफी समय तक दुनिया की नजरों से दूर ही रखा। कांची और शब्बीर ने पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी का फैसला लिया। उन्होंने 27 नवंबर 2011 को धूमधाम से शादी रचाई।



# जिजाबाई के किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहती थीं

मुंबई। फिल्म राजा शिवाजी में भाग्यश्री, रितेश देशमुख की मां यानी राजमाता जिजाबाई का किरदार निभा रही हैं। हालांकि, दोनों कलाकारों के बीच सिर्फ 10 साल का उम्र का फर्क है, जिस वजह से सोशल मीडिया पर इस कास्टिंग को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अब भाग्यश्री ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। एक इंटरव्यू में भाग्यश्री ने बताया कि इस किरदार के लिए हां कहना उनके लिए बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। उन्होंने कहा, 'जब आपको ऐसा किरदार निभाने का मौका मिले, जिसकी कहानियां सुनते हुए आप बड़े हुए हों, तो उसे मना करने का सवाल ही नहीं उठता। और वैसे भी जिजाऊ एक युवा मां थीं।' भाग्यश्री ने आगे बताया कि फिल्म के सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन ने उन्हें खास कॉम्प्लिमेंट भी दिया था। उन्होंने कहा, संतोष सिवन सर ने मुझे फोन करके कहा था, सॉरी, हमें कैमरे के जरिए आपको थोड़ा ज्यादा उम्र का दिखाना पड़ा, क्योंकि आप अब भी बहुत यंग लगती हैं। मेरे लिए यह बहुत बड़ा कॉम्प्लिमेंट है। आखिर वह महान



सिनेमैटोग्राफर हैं।'एक्ट्रेस ने साफ कहा कि उनके लिए यह किरदार निभाना किसी ऐतिहासिक और महान शख्सियत को सम्मान देने जैसा है। वह उम्र के फर्क पर ध्यान देने के बजाय राजमाता जिजाबाई के किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहती थीं। 1 मई को रिलीज हुई 'राजा शिवाजी' में शानदार स्टारकास्ट देखने को मिल रही है। फिल्म में रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जबकि संजय दत्त अफजल खान का किरदार निभा रहे हैं। अभिषेक बच्चन फिल्म में संभाजी शाहजी भोसले बने हैं और विद्या बालन खदीजा सुल्ताना की भूमिका निभा रही हैं। वहीं जेनेलिया डिसूजा सईबाई, भाग्यश्री जिजाबाई और फरदीन खान शाहजहां के रोल में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म में महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, अमोल गुप्ते और बोमन ईरानी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। खास बात यह है कि फिल्म में सलमान खान का स्पेशल अपीयरेंस भी देखने को मिलेगा।

# मीनाक्षी 30 साल बाद कर रहीं एक्टिंग में कमबैक कहा- चाहिए प्रभावशाली और चुनौतीपूर्ण रोल

नई दिल्ली। 80 और 90 के दशक के बीच सिनेमा की दुनिया की चहेती एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्री एक बार फिर से फिल्मों में वापसी की तैयारी कर रही है। घायल वन्स अगेन (2016) में निभाए छोटे से रोल को छोड़ दें तो मीनाक्षी बरसों से फिल्मों की दुनिया से दूर रह रही हैं। हालांकि, अब वो एक्टिंग में वापसी को लेकर काफी सीरियस नजर आ रही हैं। मीनाक्षी ने हाल ही में फैन्स के साथ एक भावुक संदेश शेयर किया है और बताया है कि वह फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में नए अवसरों की तलाश में हैं। हिंदी सिनेमा की नामी अदाकारा मीनाक्षी शेषाद्रि अभिनय की दुनिया में एक बार फिर से कदम रखने जा रही हैं। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए न सिर्फ



अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया, बल्कि फिल्म मेकर्स के सामने काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'आप सभी के प्यार, हौसले और लगातार मिल रहे सपोर्ट के लिए तहेदिल से धन्यवाद देती हूं। 30 साल लंबे सफर के बाद मैं अपनी कर्मभूमि मुंबई वापस आ गई हूं। एक बार फिर, पूरी उम्मीद है कि जुनून और पॉजिटिव सोच के साथ मैं मनोरंजन की दुनिया में कदम रख रही हूं।' एक्ट्रेस ने बातचीत में ये भी साफ किया कि वे अब अच्छे और अर्थपूर्ण काम के अवसरों का इंतजार कर रही हैं। किरदारों को लेकर अपनी पसंद बताते हुए उन्होंने कहा, 'चाहे लीड रोल हो या सपोर्टिंग रोल या फिर कोई छोटा सा रोल, मेरे लिए सबसे जरूरी यह है कि वह प्रभावशाली हो। फिल्में हों या ओटीटी शो, मैं ऐसे किरदार निभाना चाहती हूं जो मुझे एक कलाकार के रूप में चुनौती दें।' बता दें कि मीनाक्षी शेषाद्रि अपने पति हरीश मैसूर के साथ लंबे समय से अमेरिका के डलास (टेक्सास) में रह रही हैं। वहां उनका अपना घर भी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक मीनाक्षी अमेरिका में अपना खुद का डांस स्कूल भी चला रही थीं।

## जॉली एलएलबी 3 से कजिंस एंड कल्याणम्स तक

# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। गर्मियां अपना प्रचंड रूप दिखा रही है। गर्मी का भयंकर रूप देख अगर कहीं बाहर घूमने का प्लान नहीं बना पा रहे और घर बैठे कुछ बढ़िया सिनेमा देखने को मन है, तो इस वीक कई अच्छे ऑप्शन हैं। इस सप्ताह ओटीटी के पिटारे में दिलचस्प फिल्में और सीरीज है।*

**ब्रदर्स एंड सिस्टर्स** : यह एक तमिल फैमिली ड्रामा सीरीज है। इस शो में बोस वेंकट और गायत्री शास्त्री मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सस्पेंस ड्रामा सीरीज है, जो मजेदार पारिवारिक पृष्ठभूमि के ईर्द-गिर्द बनी है। यह सीरीज 27 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**जॉली एल एल बी 3** : अक्षय कुमार और अरशद वारसी अभिनीत इस कॉमेडी फिल्म की ओटीटी रिलीज का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म साल 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, इसके बाद यह ओटीटी पर भी रिलीज हुई। मगर, अब नया अपडेट यह है कि इस फिल्म को एक नया ओटीटी प्लेटफॉर्म मिल गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दर्शक 29 मई से इस फिल्म को जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**कजिंस एंड कल्याणम्स** : यह एक मलयालम रोमांटिक-कॉमेडी वेब सीरीज है। इसके 50 से अधिक एपिसोड्स हैं, जो केरल में छह चचेरे भाई-बहनों की 26 साल की यात्रा और सात शादियों की कहानी पर आधारित हैं। प्रिया प्रकाश वारियर और रोशन अब्दुल राहुफ इस सीरीज में मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा जुनैस, नंदना वर्मा और सुबिन टार्जन भी सीरीज का हिस्सा हैं। इसे दर्शक 29 मई से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।



## स्पाइडर नोयर सीजन 1

हॉलीवुड स्टार निकोलस केज की सीरीज 'स्पाइडर नोयर' के पहले सीजन का प्रीमियर भी इस वीक होगा। आठ एपिसोड वाली मार्वल सीरीज में निकोलस केज मुख्य भूमिका में हैं, जो 1930 के दशक के न्यूयॉर्क में एक प्राइवेट डिटेक्टिव बने पुराने सुपरहीरो की कहानी है। यह एक्शन सीरीज 27 मई से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

**जेटली** : तेलुगु कॉमेडी थ्रिलर फिल्म 'जेटली' 25 मई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इसकी कहानी प्रजापति (अजय) से शुरू होती है, जो एक ठग और बैंक का संस्थापक है। वह ग्राहकों के पैसे का गबन करके दुबई भाग जाता है। इसमें सत्या, रिया सिंघा, वेन्नेला किशोर और अजय ने अभिनय किया है।

**कारा** : धनुष और ममिता बैजू की अदाकारी वाली फिल्म 'कारा' 28 मई को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह तमिल फिल्म 1991 में खाड़ी युद्ध के दौरान हुए ईंधन संकट की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी करसामी (धनुष) नाम के एक सुधरे हुए चोर के इर्द-गिर्द घूमती है। उसे तब अपने आपराधिक अतीत में वापस लौटना पड़ता है, जब एक बेरहम बैंक मैनेजर और एक भ्रष्ट डीएसपी मिलकर उसके परिवार की पुश्तैनी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लेते हैं।